yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
नये जमाने के साथ..
# यश भारत
● वर्ष- 17 अंक 190 ● कटनी ● शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● अधिक श्रावण कृष्ण पक्ष 10 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

"सफल होने के लिए सकारात्मक कर्म के साथ सब्र रखिए क्योंकि सब्र की एक खासियत है, यह दिखता नहीं है, लेकिन संकट के समय सदैव काम आता है...!"



क्यों देखें अक्षय कुमार.. पेज 7

**आज का मौसम**

आज सुबह का तापमान 30.9 डिसे

दोपहर 12 बजे तक 24.3 डिसे

बारिश के आसार

# दिल्ली सीबीआई ने इंदौर के बसंत विहार में रिटायर्ड बैंक अधिकारी के यहां छापा मारा




इंदौर ● ईएमएस
yashbharat.co.in

दिल्ली सीबीआई की इंदौर के बसंत विहार में रिटायर्ड बैंक अधिकारी के यहां छापेमार कार्रवाई की है। वसंत विहार में बैंक अधिकारी के बंगले पर दिल्ली सीबीआई के तीन अधिकारी और स्थानीय पुलिस मौजूद है। बंगला रिटायर्ड बैंक अधिकारी ओम प्रकाश व्यास का है। सीबीआई की बंगले में सर्चिंग जारी है। फिलहाल उनकी पत्नी घर पर है। सीबीआई अफसरों ने उनको बाहर निकलने और किसी से बात करने से मना कर दिया गया। व्यास बैंक आफ इंडिया में सेवारत थे। एक बेटी मुंबई और एक विदेश में रहती है। रिटायर्ड बैंक अधिकारी पर करोड़ों के घोटाले का आरोप। उनके नाम पर कई कृषि भूमि, मकान होने की जानकारी सामने आ रही है।



## » न्यूज गैलरी

### इक्वाडोर में राष्ट्रपति उम्मीदवार की हत्या पर तीन दिन का राष्ट्रीय शोक

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुइलेर्मो लैस्सो ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फरनांडो विल्लविसेंशियो की हत्या को जघन्य अपराध करार देते हुए तीन दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। श्री लैस्सो ने श्री विल्लविसेंशियो (59) की बुधवार को एक राजनीतिक रैली में की गई हत्या को 'गंभीर आंतरिक उथल-पुथल' करार देते हुए देश में 60 दिनों के आपातकाल की घोषणा की है। उन्होंने कहा देश में कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षाबलों और पुलिस को तैनात किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस हत्या के संगठित अपराध जिम्मेदार है और इसके मद्देनजर 20 अगस्त को होने वाले चुनाव की योजना को आगे बढ़ाया जायेगा। इस मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान घायल होने के बाद एक संदिग्ध की मौत हो गई।

### हवाई के जंगलों में लगी आग में मरने वालों की संख्या 53 हुई

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

अमेरिका के हवाई में माउई द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। गुरूवार को माउई काउंटी की आधिकारिक वेबसाइट पर लिखा, ÷दमकलकर्मियों का आग बुझाने का प्रयास जारी हैं, लाहिना में सक्रिय आग के बीच आज 17 अतिरिक्त मौतों की पुष्टि हुई है। इसी के साथ ही आग से मरने वालों की संख्या 53 हो गई है। इससे पहले दिन में आग से मरने वालों की संख्या 36 बतायी गई थी। ऐसा माना जा रहा है डोरा तूफान की तेज हवाओं के कारण जंगल में भीषण फैली है जिससे माउई द्वीप पर एक पर्यटक स्थल लाहिना का कुछ हिस्सा नष्ट हो गया है। अधिकारियों ने मृतकों की संख्या बढ़ाने की आशंका जतायी है। काउंटी के अधिकारियों ने पूर्व में जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि आग से लाहिना शहर में बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जंगल की आग पर आज सुबह 80 प्रतिशत काबू पा लिया गया है।

### देश में विपक्ष के लिए लोकतंत्र से बड़ा उनका दल-वसुंधरा

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा है कि देश में विपक्ष ने पूर्ण बहुमत से चुनी हुई सरकार के खिलाफ अकारण अविश्वास प्रस्ताव लाकर सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र से बड़ा उनके लिए दल है और राष्ट्र से पहले राजनीति उनकी प्राथमिकता है। श्रीमती राजे ने विपक्ष द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के गिर जाने के बाद यह बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में पिछले चार साल में केंद्र सरकार द्वारा कई ऐसे बिल लाए गए थे जो गांव, गरीब, दलित, किसान, पिछड़ों और आदिवासियों के कल्याण के लिए थे। देश के हर वर्ग का भविष्य इन बिलों से जुड़ा हुआ था लेकिन विपक्ष ने इनमें कभी कोई रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि परंतु जनता के द्वारा पूर्ण विश्वास के साथ पूर्ण बहुमत से चुनी हुई सरकार के खिलाफ अकारण अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र से बड़ा उनके लिए दल है।



## बीएसएफ ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

पंजाब ● ईएमएस
yashbharat.co.in

सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने शुक्रवार सुबह तड़के पंजाब के तरनतारन में भारत पाकिस्तान सीमा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। बीएसएफ ने कहा, आज सुबह अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बाड़ के पास कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी गई और तुरंत स्थिति संभाल ली गई। जब घुसपैठिए सीमा बाड़ के करीब बढ़ते रहे तो सैनिकों ने उन पर गोलीबारी की। सतर्क बीएसएफ सैनिकों ने 11 अगस्त को तरनतारन जिले के सीमावर्ती गांव-थेकलां के पास पड़ने वाले क्षेत्र में सीमा बाड़ के आगे एक पाकिस्तानी बदमाश/घुसपैठिए की संदिग्ध गतिविधि देखी। घुसपैठिए को बलों ने चुनौती दी लेकिन वह रुक नहीं सका और आगे बढ़ना जारी रखा, बीएसएफ के एक बयान में पढ़ा गया। इसमें लिखा है, आसन्न खतरे को भांपते हुए और आगे के दुस्साहस को रोकने के लिए, बीएसएफ जवानों ने आत्मरक्षा में बदमाश पर गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# मणिपुर में हुई थी गैंगरेप की 3 घटना, CBI कर रही जांच

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

मणिपुर हिंसा से संबंधित 11 मामलों को प्रदेश की पुलिस से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को ट्रांसफर कर दिया गया है। उनमें से तीन सामूहिक बलात्कार के मामले हैं। एक मामला सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट के द्वारा सार्वजनिक रूप से 56 वर्षीय महिला के निजी अंगों को लात मारने का भी है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, उनमें से चार मामले भीड़ की हिंसा से संबंधित हैं। तीन मैतेई समुदाय के सदस्यों के खिलाफ और एक कुकी समुदाय के सदस्यों के खिलाफ दर्ज किया गया है। 3 मई के बाद से दोनों समुदायों के बीच झड़पों के कारण 25 जुलाई तक राज्य भर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में 6,523 एफआईआर दर्ज की गईं। कथित गैंगरेप के दो मामलों में अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है।




वहीं, एक मामले में अभी तक स्थान और समय का पता नहीं चल पाया है। तीसरे मामले में एक किशोर समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सीआरपीएफ अधिकारी के खिलाफ एफआईआर पर भी अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। इंफाल पश्चिम के सिंगजमेई में 56 वर्षीय महिला की शिकायत पर उनके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। यह घटना 12 मई की है। अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

एफआईआर के मुताबिक, अधिकारी ने वर्दी पहनी हुई थी। जवान उनकी सुरक्षा कर रहे थे। अधिकारी ने टिडिम रोड पर अपने दुकान के सामने बैठी महिला को थप्पड़ मारा, मुक्का मारा और उसके निजी अंगों पर लात मारी। इसके अलावा उसके एक गार्ड ने उस पर अपनी सर्विस बंदूक भी तान दी। महिला के शरीर पर चोट लग गई। उसे उसके स्थानीय क्लब के सदस्यों द्वारा इलाज के लिए रिम्स अस्पताल ले जाया गया। यह मणिपुर पुलिस द्वारा की गई जांच की स्थिति भी बताता है। इसमें कहा गया है कि शिकायतकर्ता समेत कुछ सार्वजनिक गवाहों से बात की गई है। इसके अलावा, इसमें यह भी कहा गया है कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और निरीक्षण किया और कथित अपराध स्थल का एक कच्चा नक्शा तैयार किया है।

## 3 दिन की चर्चा और 133 मिनट तक पीएम मोदी का प्रहार... अविश्वास प्रस्ताव पर तीन दिन की चर्चा का पूरा लेखा-जोखा



नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

मोदी सरकार के खिलाफ मणिपुर मुद्दे पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव तीन दिन की चर्चा के बाद गुरुवार को गिर गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 घंटे 13 मिनट तक अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया. इसी बीच विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया. इसके बाद ध्वनिमत से अविश्वास प्रस्ताव गिर गया. तीन दिन तक चली चर्चा में गौरव गोगई, राहुल गांधी, राजीव रंजन, सुप्रिया सुले, महुआ मोइत्रा, असदुद्दीन ओवैसी, फारूक अब्दुल्ला, मनीष तिवारी समेत तमाम नेताओं ने मणिपुर हिंसा पर सरकार को घेरा. तो वहीं, सरकार की ओर से अमित शाह, स्मृति ईरानी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, सीतारमण, किरेन रिजिजू, लॉकेट चटर्जी, निशिकांत दुबे ने जवाब दिया. सबसे आखिर में पीएम मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया. पीएम मोदी ने 133 मिनट के जवाब में कांग्रेस का इतिहास याद दिलाया, राहुल गांधी के बयानों पर पलटवार किया. पीएम ने INDIA गठबंधन को भी निशाने पर लिया और फिर मणिपुर पर बात की. आइए जानते हैं कि तीन दिन की चर्चा के दौरान सदन में क्या क्या हुआ?

### सदन में पहले दिन क्या क्या हुआ?

मणिपुर हिंसा को लेकर गौरव गोगोई ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था. इसे स्पीकर ने स्वीकार कर लिया था. मंगलवार से विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो गई. चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा, मणिपुर में हिंसा पर डबल इंजन सरकार पूरी तरह विफल रही. विपक्ष को मजबूरी में अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा, ताकि इस मामले पर प्रधानमंत्री का मौनव्रत तोड़ा जा सके. इतना ही नहीं गोगोई ने पूछा, प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं गए? मणिपुर के मुख्यमंत्री को क्यों नहीं हटाया? उन्हें मणिपुर पर बोलने में 80 दिन क्यों लगे? इसके जवाब में बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, अविश्वास प्रस्ताव एक गरीब के बेटे के खिलाफ लाया गया है. प्रस्ताव उस शख्स के खिलाफ है जिसने जनता के कल्याण की बात की. उन्होंने सोनिया गांधी पर तंज कसते हुए कहा, अविश्वास प्रस्ताव का एकमात्र मूलमंत्र है, बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना.केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष गलत समय पर गलत तरीके से अविश्वास प्रस्ताव लाया है. आज जब पीएम विश्व नेता के रूप में उभरे हैं और देश तेजी से बढ़ रहा है, तब ऐसे प्रस्ताव की कोई जरूरत नहीं थी. उन्होंने कहा, यह मोदी सरकार थी जिसने इस क्षेत्र (पूर्वोत्तर) पर विशेष ध्यान दिया और कई हिस्सों में रेल लाइनें बिछाई जा रही हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री चाहते हैं कि पूर्वोत्तर विकास का इंजन बने. उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पूर्वोत्तर राज्यों के सांसदों से मुश्किल से ही मिलते थे, जबकि वे खुद राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व करते थे।

## बेरहम पिता ने अपनी ही बेटी को मार डाला, शव को ठिकाने लगाने के लिए बाइक में बांधकर घसीटा

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

पंजाब में बेरहम पिता ने अपनी ही बेटी की हत्या कर दी। इतना ही नहीं, उसने शव को ठिकाने लगाने के लिए अपनी बाइक में बांधकर काफी दूर तक घसीटता रहा।




पंजाब पुलिस ने इस दर्दनाक मर्डर की जानकारी दी है। पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की हत्या कर दी। इसके बाद उसके शव को बाइक से बांध दिया और पंजाब के अमृतसर जिले में रेलवे ट्रैक पर फेंकने से पहले उसे सड़क पर घसीटा। पंजाब पुलिस के मुताबिक, घटना गुरुवार की है। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच से पता चला कि आरोपी ने अपनी बेटी की हत्या कर दी क्योंकि उसे उसके चरित्र पर संदेह था। पुलिस के मुताबिक, लड़की घर से बाहर निकली थी और जब वह वापस लौटी तो आदमी ने धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## पुलिस अफसर ने मुंह पर किया पेशाब, कांग्रेस विधायक ने चटवाए जूते, राजस्थान में दलित का दावा

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

राजस्थान के जमवारामगढ़ इलाके में एक दलित ने कांग्रेस विधायक और पुलिस अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शख्स का दावा है कि डिप्टी एसपी शिवकुमार भारद्वाज ने उसके ऊपर पेशाब किया और इसके बाद जमवारामगढ़ से कांग्रेस विधायक गोपाल मीणा ने उनसे जूते चटवाए। विधायक और डिप्टी एसपी समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। विधायक पर आरोप होने के चलते मामले की जांच सीबी सीआईडी भी कर रही है। इस बीच विधायक गोपाल मीणा ने आरोपों को खारिज किया है।



### पीड़ित बोला- जबरन विधायक के घर ले गए

51 साल के पीड़ित के मुताबिक गांव टोडालडी आंधी में वह जमीन की सार-संभाल करता है। 30 जून दोपहर करीब 1 बजे वह पत्नी और साथी के साथ खेत पर काम कर रहा था। अचानक पुलिस वाले आए और जबरदस्ती गाड़ी में पटककर किडनैप कर विधायक गोपाल मीणा के घर ले जाकर एक कमरे में बंद कर दिया। थोड़ी देर बाद कमरे में आए पुलिसकर्मियों ने उसे नीचे पटक दिया और गालियां देते हुए मारपीट की। छोड़ने के लिए गिड़गिड़ाने पर डिप्टी शिव कुमार भारद्वाज ने उसके मुंह पर पेशाब कर दिया। कहा- जमवारामगढ़ के राजा गोपाल मीणा को बिना नजराना दिए टोडालडी में तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई खेत में आने की। भारद्वाज ने मारपीट कर उसे धमकाया कि विधायक की अवहेलना करने का परिणाम तूने देख लिया है। उसे फिर हॉल में ले गए।

### विधायक के जूते जीभ से साफ करने का आरोप

आरोप है कि हॉल में विधायक गोपाल मीणा अपनी चेयर पर बैठे थे। साथ में काम करने वाले शंकर ने वहां आकर विधायक गोपाल मीणा के पैरों में गिड़गिड़ाकर छोड़ने के लिए कहा। विधायक गोपाल मीणा ने कहा- जब तक ये मेरे जूते जीभ से साफ नहीं करेगा। तब तक नहीं जाने दूंगा। जान बचाने के लिए विधायक के जूते जीभ से साफ कर वहां से निकला। भारद्वाज ने जाते-जाते धमकी दी कि जो बिगाड़ना है बिगाड़ लेना। सरकार हमारी है। विधायक हमारा है। हमारी नियुक्ति विधायक गोपाल मीणा के आदेश पर ही तो होती है। दोबारा टोडालडी वाले खेत पर दिख भी गया तो जान से मरवा देंगे और लाश का पता भी नहीं चलेगा। पीड़ित के मुताबिक कुछ दिनों के बाद जब वह थाने में मामला दर्ज करवाने पहुंचा तो पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इसके बाद पीड़ित ने एसपी ग्रामीण और डीजीपी तक से गुहार लगाई। मगर मामला दर्ज नहीं हुआ। परेशान होकर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली और कोर्ट के माध्यम से 27 जुलाई को पूरे मामले की FIR जमवारामगढ़ थाने में दर्ज करवाई गई।

**तैयारियों का जायजा** | प्रधानमंत्री 12 को बड़तुमा में संत शिरोमणि रविदास जी के मंदिर एवं विशाल स्मारक का शिलान्यास करेंगे

## संत रविदास ने भारतीय संस्कृति और समरसता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया : मुख्यमंत्री

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर जिले के बड़तूमा में बन रहे संत रविदास मंदिर के निर्माण स्थल के अवलोकन के बाद ढाना ग्राम में आगामी 12 अगस्त को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की तैयारी का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 अगस्त को बड़तुमा (सागर) में 100 करोड़ रूपये की लागत से संत शिरोमणि रविदास जी के भव्य मंदिर एवं विशाल स्मारक का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह, राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत विधायकद्वय शैलेंद्र जैन प्रदीप लारिया, खनिज निगम के उपाध्यक्ष राजेंद्र मोकलपुर, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, गौरव सिरोठिया,प्रभु दयाल पटेल, श्रीमती लता वानखेड़े, शैलेश केशरवानी, अनिल तिवारी सहित अनेक जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान ने सभा स्थल के मंच, हैलीपैड, डोम का अवलोकन कर अन्य सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संत रविदास महाराज ने भारतीय संस्कृति और समरसता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। संत रविदास ने कर्म को महत्व दिया। वे परिश्रम से जो भी अर्जित करते थे, उसे संत सेवा और समाज को अर्पित कर देते थे। कई राजा और मीराबाई भी उनके शिष्य थी। संत रविदास वास्तव में सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मैंने सागर में विगत 8 फरवरी को संत रविदास मंदिर की योजना को भव्य रूप देकर निर्माण कराने की घोषणा की थी, जिसके परिप्रेक्ष्य में अब भव्य और अलौकिक मंदिर बनेगा। उन्होंने बताया कि सभा स्थल पर सभी तैयारियाँ पूरी हो गई है ।सागर जिले का प्रत्येक नागरिक सौभाग्यशाली है कि जिले की भूमि पर मंदिर निर्माण के भूमि पूजन के लिए वैश्विक नेता और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 अगस्त को आगमन हो रहा है ।चौहान ने बताया कि मंदिर नागर शैली में 10000 वर्ग फुट में बनेगा। इंटरप्रिटेशन म्यूजियम बनेगा। संस्कृति और रचनात्मक के साथ संत रविदास के कृतित्व-व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने वाला संग्रहालय भी बनेगा। संग्रहालय में चार गैलरी बनेगी, जिनमें भक्ति मार्ग, निर्गुण पंथ में योगदान, संत जी का दर्शन और उनके साहित्य, समरसता का विवरण भी रहेगा। लाइब्रेरी के अलावा संगत हाल, जल कुंड, भक्त निवास भी बनेगा, जो अध्यात्मिक सुविधाओं से युक्त होगा। भक्त निवास में देश विदेश से संत रविदास के अनुयायी और अध्येता आएंगे, जिन्हें संत जी के जीवन से प्रेरणा मिलेगी। पन्द्रह हजार वर्गफुट में भोजनालय का निर्माण होगा। मंदिर में दो भव्य प्रवेश द्वार होंगे, सीसीटीवी कैमरे और लाइटिंग की व्यवस्था भी रहेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने बताया कि संत रविदास जी का मंदिर और कला संग्रहालय भव्य होगा, जो श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व स्थल होगा। दार्शनिक और अध्येता और जिज्ञासु भी देश-विदेश से आएंगे। संत रविदास जी का कृतित्व- व्यक्तित्व और दर्शन पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादाई होगा। इस अवसर पर संभागायुक्त डा. वीरेंद्र सिंह रावत, आईजी प्रमोद वर्मा, कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अखिलेश तिवारी और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



## कोटा में एक और स्टूडेंट ने कर ली खुदकुशी इस साल अब तक 20 ने दे दी जान



नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

शिक्षा की काशी कहे जाने वाले कोटा में गुरुवार देर रात को एक और कोचिंग स्टूडेंट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्र मनीष प्रजापति उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का रहने वाला था। वह कोटा में छह महीने से जेईई की कोचिंग कर रहा था। जवाहर नगर थाना इलाके के महावीर नगर फर्स्ट में हॉस्टल की पांचवी मंजिल पर रह रहा था। एक सप्ताह में ही तीन स्टूडेंट्स ने कोटा में खुदकुशी कर ली है, जबकि इस साल अब तक 20 अपनी जान दे चुके हैं।

### सुसाइड के कुछ घंटे पहले पिता मिल कर गए थे बेटे से

पुलिस से मिली जानकारी में सामने आया कि गुरुवार को ही छात्र मनीष के पिता उससे मिलकर निकले थे। रात को उन्होंने हॉस्टल के केयरटेकर को कॉल करके बेटे से बात करवाने के लिए कहा था। जब केयर टेकर कमरे में पहुंचा तो छात्र ने गेट नहीं खोला। जिसके बाद हॉस्टल संचालक को इसकी जानकारी दी गई। हॉस्टल संचालक के कहने पर केयरटेकर ने रोशनदान से देखा तो छात्र फंदे से लटका हुआ था मिला। छात्र ने बेडशीट से फंदा लगाया था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर छात्र के शव को बाहर निकाला गया और मोर्चरी में रखवाया है।

# हरियाली तीज पर इस बार बन रहे कई शुभ संयोग

## शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और कुंवारी लड़कियाँ मनचाहा वर प्राप्त करने के लिए व्रत रखती हैं

**कटनी, यशभारत।** हरियाली तीज पर इस बार बन रहे कई शुभ संयोग, इस पर्व पर पति की लंबी उम्र के लिए उपाय कहा जाता है कि इस दिन माता पार्वती ने कठोर तप से भगवान शिव को पाया था उसी दिन से शादीशुदा महिलाएं अपना पति की लंबी उम्र और कुंवारी लड़कियाँ मनचाहा वर प्राप्त करने के लिए यह व्रत रखती हैं उत्तर भारत के बहुत से क्षेत्रों में इस दिन मेला लगता है शादीशुदा महिलाएं इस दिन साज-श्रृंगार करती हैं. महिलाएं शिव-पार्वती की पूजा करती हैं, उनको भोग लगाती हैं. लोग घरों मे तरह ङ्कतरह के पकवान बनाते हैं। कटनी में भ्री महिलाएं उत्साहित हैं महिलाओं ने विशेष तैयारी भी की है कटनी में हरियाली तीज के कार्यक्रम भी शुरू हो गए हैं।

### हरियाली तीज शुभ संयोग

इस बार हरियाली तीज के दिन रवि योग बनने जा रहा है. रवि योग शनिवार 19 अगस्त की रात 1 बजकर 47 मिनट पर शुरू होगा और खत्म अगले दिन इतवार 20 अगस्त सुबह 5 बजकर 53 मिनट पर होगा.

### हरियाली तीज का महत्व

हरियाली तीज प्रेम और समृद्धि का त्योहार है. यह महिलाओं के लिए अपने पतियों और परिवार की भलाई के लिए कामना के लिए मनाया जाता है. यह त्यौहार महिलाओं के लिए अपने दोस्तों और परिवार के साथ मिलने और उत्सव का आनंद लेने का भी समय है

### हरियाली तीज पूजन विधि



सुबह जल्दी सूरज निकलने से पहले उठें, भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करें, घर मे गंगाजल छिड़ककर घर को शुद्ध करें, पानी मे गंगाजल डालकर स्नान करें लाल या हरे रंग का कपड़े पहनें, मंदिर मे चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछायें, मिट्टी के शिव पार्वती बनाकर स्थापित करें, माता पार्वती का सोलह श्रृंगार करें, फल, फूल, मेवा मिठाई चढ़ाएं। पूरे दिन निर्जला उपवास रखें, शाम को तुलसी की पूजा करें, शाम को उपवास खोलकर कुछ मीठा खायें

### हरियाली तीज की रस्में

हरियाली तीज की रस्में अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग होती हैं, लेकिन कुछ सबसे आम रस्मों में शामिल हैं हरियाली तीज का मुख्य अनुष्ठान देवी पार्वती और भगवान शिव की पूजा करना है. महिलाएं अपने पति और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना करती हैं। महिलाएं हरियाली तीज का व्रत रखती हैं. शाम को पूजा के बाद व्रत खोला जाता है। हरियाली तीज पर मेहंदी लगाना एक लोकप्रिय परंपरा है. ऐसा माना जाता है कि मेंहदी सौभाग्य और समृद्धि लाती है। हरियाली तीज पर महिलाएं नए कपड़े पहनती हैं. खासकर हरा रंग के जो इस त्यौहार का प्रतीक है। हरियाली तीज पर झूला झूलना एक पारंपरिक प्रथा है. महिलाएँ बगीचों में या पेड़ों के नीचे झूला झूलती हैं। हरियाली तीज पर कई विशेष पकवान पकाये जाते हैं इनमे से कुछ खास पकवान में घेवर, बर्फी और जलेबी शामिल हैं।

### हरतालिका और हरियाली तीज में अंतर

आपको बता दें कि, पूरे साल में तीन बार तीज का व्रत रखा जाता है। इसमें हरियाली तीज, हरतालिका तीज और कजरी तीज है। लेकिन आमतौर पर लोग हरियाली तीज और हरतालिका तीज को एक ही मान लेते हैं। इसका कारण है दोनों के मिलते-जुलते नाम. अगर आप भी हरियाली तीज और हरतालिका तीज को एक समझते हैं तोदूर करें अपना कंफ्यूजन।

## » न्यूज गैलरी



### दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल कटनी के द्वारा पुस्तक एवं यूनिफार्म वितरण

**कटनी,यशभारत।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल कटनी के प्रचार मंत्री प्रमोद कुमारए अमित जैन चूना वालों के द्वारा जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दिगम्बर जैन स्कूल के छात्र-छात्राओं को पुस्तकें एवं स्कूल यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। इस अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल के सदस्य व दिगम्बर जैन शिक्षा संस्था के अध्यक्ष अनूप सिंघई एसजेन्द जैन, श्रेयांश जैन एवं समस्त पदाधिकारी, प्राचार्य व शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### श्रावण मास के उपलक्ष्य में छायादार और औषधीय युक्त पौधा देकर किया सम्मानित

**कटनी यशभरत।** जिला सत्र न्यायालय के पास स्थित झिंझरी जेल में श्रावण मास के उपलक्ष्य पर अपनी वंसुधरा को हरा.भरा बनाये रखने और प्रकृति संरक्षित करने और पर्यावरण संरक्षण बचाने व बंदी महिलाओं से संबंधित समस्याओं पर समाजसेवी व अधिवक्ता सुजीत कुमार द्विवेदी और समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी ने मुलाकात की और बंदी महिलाओं को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान कर उन्हे एक नई दिशा में पहचान बनाए और सामाजिक विकास व्यवस्था पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान श्रावण मास के उपलक्ष्य पर प्राकृतिक वातावरण हमेशा हरा-भरा रखने हेतु छायादार और औषधीय युक्त पौधा भेंट कर अधिवक्ता सुजीत कुमार द्विवेदी एवं समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी द्वारा झिंझरी जेल अधीक्षक प्रभात कुमार चतुर्वेदी को सम्मानित किया। झिंझरी जेल अधीक्षक प्रभात कुमार चतुर्वेदी ने ऐसे नेक कार्यो की सराहनीय प्रंशसा की और अपनी वंसुधरा को हमेशा हरा-भरा बनाए रखने का दृढं संकल्प लिया।

### जिला स्तरीय लॉगिन आईडी पर प्राप्त प्रस्तावों पर कार्रवाही हेतु नोड़ल अधिकारी नियुक्त

**कटनी यशभरत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर जिला स्तरीय लॉगिन आईडी में निकायों से प्राप्त अनुरोधों पर प्राप्त प्रस्तावों अनुसार कार्यवाही हेतु जिला प्रबंधक, ई-गवर्नेस कटनी को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए उक्त कार्य में आवश्यक सहयोग हेतु टीम का गठन किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद नें नियुक्त टीम को समग्र पोर्टल के माध्यम से प्राप्त अनुरोधों की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर निकाय की स्पष्ट अनुशंसा एवं की गई कार्यवाही का उल्लेख करते हुये जिला प्रबंधक, ई-गवर्नेस के माध्यम से समक्ष में नस्ती प्रस्तुत करने एवं प्राप्त अनुमोदन के आधार पर पोर्टल पर निराकरण किये जाने का उत्तरदायित्व सौपा है। कलेक्टर अवि प्रसाद नें गठित टीम में ई गवर्नेस विभाग के सहायक ई-गवर्नेस प्रबंधक श्री हेमंत चतुर्वेदी एवं कार्यालय सहायक नफीस अहमद के साथ ही सामाजिक न्याय विभाग के समग्र संयोजक अमित दुबे व महिला एवं बाल विकास विभाग के डाटा एन्ट्री ऑपरेटर राजेश जाटव को नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा समग्र आईडी में गलत आधार को डी-लिंक कराने एवं समग्र पोर्टल पर नवीन परिवार एवं मौजूदा परिवार में नये सदस्य जोड़े जाने हेतु नवीन प्रक्रिया लागू की जाकर विस्तृत निर्देश जारी किये गये हैं।



## कवि मैथलीशरण गुप्त की जयंती पर कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** आधुनिक कविता के लेखक और खड़ी बोली को महत्व देने वाले राष्ट्रकवि श्री मैथिलीशरण गुप्त जी की 137 वी जयंती के उपलक्ष्य में श्री गहोई समाज की विभिन्न संस्थाओं ने विभिन्न आयोजन किये ।राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त दद्दा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।गहोई वैश्य महिला समिति के द्वारा अध्यक्ष सीमू गांधी की अध्यक्षता में राष्ट्रकवि की जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय चिकित्सालय कटनी में महिला वार्ड में एवं पुरुष वार्ड में स्वल्पाहार वितरित किया जिसमें श्री गहोई समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रही। पंच परिषद से डॉक्टर हजारी लाल नौगरहिया, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन जी, ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष कमलेश सुहाने,ओंकार बहरे अशोक सेठिया, ओमप्रकाश टुडहा, रवि कस्तवार राजकुमार लहरिया, भागीरथ बहरे ,राकेश सुहाने, सुशील बरसैयां, राजकुमार गांधी,र ाजाराम महतेले, आशीष कंदेले आदि मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण के उपलक्ष्य पर 'वन नेस वन' नामक एक मेगा परियोजना की शुरूआत

# निरंकारी मिशन का सेवा अभियान कल मेगा वृक्षारोपण अभियान

**कटनी, यशभारत।** निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा कहे गए स्वर्णिम शब्द 'प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही हानिकारक है' - इस अमोलक कथन को निरंकारी मिशन कई वर्षो से विभिन्न सामाजिक धर्मार्थ गतिविधियों में भागीदारी लेने हेतु एक प्रेरक शक्ति के रूप में उपयोग कर रहा है। इन कल्याणकारी गतिविधियों में प्रायः मेगा वृक्षारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण परियोजनाएँ, पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूकता अभियान इत्यादि सम्मिलित है। मानवता को समर्पित निरंकारी मिशन की यह सभी सेवाएं कटनी में सतगुरु माता जी के निर्देशन में निरंतर क्रमवार रूप में भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा जारी है। समाज कल्याण के इसी भाव से प्रेरित होकर अगस्त, 2021 के माह में, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन आशीर्वाद से, संत निरंकारी मिशन ने पर्यावरण संरक्षण के उपलक्ष्य पर 'वननेस वन' नामक एक मेगा परियोजना का आरम्भ किया। इस परियोजना का लक्ष्य 'वृक्षों के समूह' का रोपण करना एवं इनकी देखभाल करना था। इस परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 317 स्थानों पर 1.30 लाख पौधों का रोपण किया गया। संत निरंकारी मण्डल के सचिव परम् आदरणीय जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि 'वननेस वन' परियोजना का दूसरा चरण सन् 2022 में भी क्रियान्वित है जिसके अंतर्गत स्थानों की संख्या 317 से बढ़कर 403 हुई और वृक्षों की संख्या बढ़कर 1.65 लाख पहुंची। पर्यावरण संरक्षण हेतु जारी इस श्रृंखला के अंतर्गत संत निरंकारी मिशन, सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन आशीर्वाद से 'वननेस वन' परियोजना के तीसरे चरण की सेवाएं आरंभ करने जा रहा है जिसके अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 500 से भी अधिक स्थानों पर दिनांक 13 अगस्त, 2023, रविवार को प्रातः 8.30 बजे से 9.30तक पीडब्लूडी कार्यालय




मैदान विश्राम बाबा गेट माधव नगर कटनी में 'मेगा वृक्षारोपण अभियान' का आयोजन किया जायेगा। आज जब पृथ्वी ग्लोबल वॉर्मिंग की समस्या से जूझ रही है, तो ऐसे समय में वृक्षारोपण का महत्व ओर अधिक बढ़ गया है। वर्ष 2020 से कोरोना संकट ने हम सभी को प्रकृति की अमूल्य देन, प्राण वायु अर्थात् ऑक्सीजन का महत्व समझाया। साथ ही इसकी कमी से उत्पन्न होने वाले सभी दुष्प्रभावों से भी हमें भली भांति अवगत करवाया। ज्ञात रहे कि मनुष्य का जीवन जिस प्राण वायु पर आधारित है वह हमें इन वृक्षों से ही प्राप्त होती है। अतः इनका संरक्षण करना न केवल हमारा कर्तव्य है अपितु हमारे जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण है। निसंदेह निरंकारी मिशन की ऐसी कल्याणकारी योजनाएं 'पर्यावरण संरक्षण' एवं धरती को सुंदर बनाने हेतु एक प्रशंसनीय एवं सराहनीय कदम है जिस पर चलकर धरती को और अधिक स्वच्छ, सुंदर एवं निर्मल बनाया जा सकता है।

## स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर में कई 189 रजिस्ट्रेशन हुए




**कटनी, यशभारत।** शिव शक्ति महिला मिलन ग्रुप संस्था द्वारा जन सेवा के रूप में निशुल्क विशाल नेत्र शिविर व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गीता गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट ( डॉ शैफाली गुप्ता ) द्वारा किया गया जिसमें अन्य हैल्थ चेकअप शुगर बीपी इत्यादि की जांचे भी की गई। इस आयोजन में विद्यालोक सेवा फाउंडेशन ने भी विशेष सहयोग किया।आयोजकों ने बताया कि इसके बाद भी करीब 189 रजिस्ट्रेशन किए गए व करीब 148 लोगों ने इस नेत्र व स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर में ऐसे करीब 25 लोगों को चिन्हित किया गया जिनकी आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत थी इस शिविर के माध्यम से उन सभी चिन्हित लोगों का निःशुल्क आपरेशन डा शैफाली गुप्ता द्वारा किया जाएगा। लता सोनी,सोमना सोनी,काजल सोनी, मीना सोनी, वंदना सोनी,अर्पना सोनी, दिपाली गुप्ता, प्रिया सोनी,व गीता पाठक की उपस्थिति रही।

## समरसता यात्रा के स्वागत से हम गौरवान्वित

### बहोरीबंद विधानसभा में संत रविदास जी की समरसता यात्रा का भव्य स्वागत



**कटनी, यशभारत।** हम सभी गौरवान्वित हैं जिन्हें संत शिरोमणि रविदास जी के भव्य मंदिर निर्माण हेतु निकाली गई समरसता यात्रा के स्वागत और आगवानी का अवसर प्राप्त हुआ। रविदास जी की चरण पादुका को शीश पर रखने का सौभाग्य मिला। यह बात आज बहोरीबंद विधानसभा पहुंची समरसता यात्रा का स्वागत करते विधायक प्रणय पांडे ने जन संवाद के दौरान कही। कटनी में रात्रि विश्राम के बाद समरसता यात्रा गनियारी गुलवारा होती हुई बिलहरी तथा यहां से बहोरीबंद पहुंची। जगह जगह यात्रा का स्वागत किया गया। चरण पादुका पर लोगों ने शीश नवाया। जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, विधायक प्रणय पांडे, यात्रा प्रभारी रवि खरे ने भी जनसंवाद किया। कटनी से यात्रा के साथ जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, पूर्व विधायकमोती कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला महामंत्री राजेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रणवीर कर्ण, सुरेश राय, वरिष्ठ नेता रवि खरे, ललित जायसवाल, राजा चौरसिया, जिला मंत्री विजय दुबे, शवम शर्मा, श्रीमती सुषमा सिंह, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवकुमार चौधरी, सचिन तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता राय, जनपद अध्यक्ष संतोष दुबे, जितेंद्र अरोरा, सोहन सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। यात्रा के दूसरे दिन गुलवारा, बिलहरी, बहोरीबंद, बाकल के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए संत रविदास मंदिर निर्माण समरसता यात्रा ने दमोह जिले में प्रवेश किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्वनी गौतम, जिला महामंत्री राजेश चौधरी, जनपद अध्यक्ष लाल कमल बसंल, मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, कमलेश सेन, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवकुमार चौधरी, अखिल पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि पांडेय, रतिलाल रैदास आदि ने यात्रा का स्वागत किया।

## भागवत कथा का विशाल भंडारा के साथ हुआ समापन

### उमरियापान की कृषि मंडी में हुआ भव्य कथा का आयोजन

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान की कृषि मंडी में 3 अगस्त से आयोजित संगीतमय सात दिवसीय भव्य श्रीमदभागवत कथा का विशाल भंडारा के साथ का गुरुवार को समापन हुआ। श्रीमदभागवत कथा पंडित दयानंद तिवारी कु?वा वाले गुरूजी के सानिध्य में एवं बड़ी माई के आशीर्वाद से कथा व्यास रोहित महाराज के मुखार बिंद से रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक प्रभु की लीलाओं की अमृत वर्षा की जा रही थी। जिसमें माताएंए बहनेए बुजुर्गए युवा श्रद्धालु ब?ी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित किया। सुबह 10 बजे से हवन पूजन के पश्चात कन्या भोज प्रारंभ हुआ एवं 12 बजे से विशाल भंडारा प्रारंभ हुआ जो शाम सा? 4 बजे तक निरंतर चला। जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामों के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। शाम 6 बजे से बैंड बाजे के साथ दधिकांदो कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो कथा स्थल से साप्ताहिक बाजार, झंडा चौक से होते हुए ढीमरखेड़ा रोड़ की पुलिया तालाब पहुंचा। जहां पूजन के उपयोग में आई सामग्री को विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं की उपस्थिति रही है।

### सभी के सहयोग से संपन्न हुआ कार्यक्रम


नगर में भागवत कथा आयोजित होने से नगवासियों ने खुशी जाहिर की और आस्था श्रद्धा से सभी ने आर्थिक सहयोग भी किया। किसी श्रृद्धालु ने 200 से 500 तो किसी ने 1000ए 5000 से लेकर 10 हजार रुपये तक का सहयोग किया गया है। जबकि अन्य श्रद्धालुओं शारीरिक सहयोग देकर तन मन से दिन रात सेवा में जुटे रहे। कथा के यजमान सगे भाई धरमदास चौरसिया और गागा चौरसिया रहे जबकि आयोजक समिति गुरु जी जुड़े समस्त शिष्य मंडल एवं भगतगण रहे हैं। आयोजित सात दिवसीय कथा बड़ी माई के पंडा गोरेलाल चौरसिया, प्रकाश असाटी आदि की उपस्थित रही।

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज
04 अगस्त से
रोजाना 6 शो
12.00 PM (AUDI-1)
01.00 PM (AUDI-3)
03.15 PM (AUDI-1)
06.30 PM (AUDI-1)
09.45 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-3)



रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी, जया बच्चन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में



ऑल इंडिया रिलीज
04 अगस्त से
रोजाना 3 शो
03.45 PM (AUDI-2-3D)
06.30 PM (AUDI-2-3D)
09.30 PM (AUDI-2-3D)
MEGH - 2
(THE TRENCH)
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

## जायंट्स ग्रुप ऑफ़ कटनी सहेली ने मनाया हरियाली तीज



**कटनी, यशभारत।** जायंट्स ग्रुप सहेली के द्वारा हरियाली तीज मनाया गया। हरियाली क्वीन प्रतियोगिता दो वर्ग में हुई एक जूनियर वर्ग (30-45 आयु वर्ग) एक सीनियर वर्ग (45 से अधिक) में, जिसमें सहेलियों ने कैटवॉक करके अपना पेरफॉर्मांस दिया। जलपा पटेल, किम्पल पटेल,वेदिका पटेल, नीतू ज़वेरी ,दीप्ति पटेल, जाह्नवी पटेल,अपूर्वा पटेल ,लीना पटेल, रीना पटेल,रुचिका कोटक ने बहुत सुंदर गुजराती गरबा जोरदार और था सब ने बहुत तारीफ की, बीच-बीच में जनरल नॉलेज के प्रश्न पूछे गए सभी से इंजॉय किया। बीच में सरप्राइजिग गेम भक्ति पटेल ने खिलाये। सहेलियों द्वारा गीत की प्रस्तुति दी गई जिसमें दीपा बरसैयाँ, दीप्ति अग्रवाल, नम्रता सोनी, गौरी साहू, मंजुला गुप्ता, रितु तिवारी, ममता गर्ग कुछ सहेलियों ने हरियाली पर कविता सुनाई। किटी गुप्ता, शशि शुक्ला, नीलम जगवानी, निशा गुप्ता, अंजना निषाद, रश्मि गट्टानी, शिप्रा अग्रवाल, और कुछ नृत्य के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जिसमें शोभा गुप्ता, स्वाति पाठक, प्रिया सिंह, अनामिका श्रीवास्तव गीता जोशी, नम्रता सोनी, मंजु सिंह, स्वाति नायक, शौर्या गुप्ता ने बहुत सुंदर डांस परफॉर्मांस दी। उसके बाद वी. ओ. डी ग्रुप दीपिका शर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, वंदना सोनी, शोभा गुप्ता, रिलि गुप्ता, आरती सोनी, सारिका सोनी, गीता पाठक मनीषा गौतम, दीपाली गुप्ता ने भी अपना जोरदार डांस परफोर्मांस दिया। फिर हरियाली क्वीन का रिजल्ट में 30-45 वर्ग मे रनरअप स्वाति पाठक और विनर नम्रता सोनी रही।45 से अधिक वर्ष मे गौरी साहू रनरअप और विनर ममता गर्ग रही। दीपिका शर्मा के द्वारा सबको फ्रेंडशिप बैंड बांधा गया साथ ही मित्रता दिवस भी मनाया।

» न्यूज गैलरी

## निवार-पहाड़ी में सालों से सड़क खराब, परेशान हो रहे राहगीर

**कटनी, यशभारत।** निवार पहाड़ी में सड़कों की हालत खराब है। यहां पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क के परखच्चे उड़े हुए हैं। सड़क बारिश के समय दलदल में तब्दील हो जाजी है। कीचड़ के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर भारी वाहनों के आवागमन ज्यादा होता है। सड़क का निर्माण नहीं हो रहा है, इसलिए दो पहिया एवं पैदल निकलने वाले लोगों को कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधि भी इस परेशानी को नहीं समझ रहे हैं।

## विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली रैली

**कटनी, यशभारत।** ग्राम पंचायत कन्हवारा में बड़े धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस दौरान आदिवासी समाज के युवाओं ने रैली का आयोजन किया। रैली शंकर चौक से प्रारंभ होकर राधा कृष्ण मंदिर तक पहुंचीए जहां युवाओं ने गगन भेदी नारे लगाए और आदिवासी एकता का परिचय दिया। इस दौरान ओबीसी महासभा के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सोनी, भूरा कोल, गोरेलाल कोल, गैलूं कोल, गुलाबी कोल पंडा, जगदीश चौधरी, जग्गी चौधरी, पंडा चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# दलदल में तब्दील आधारकाप की सड़क, आवागमन में परेशानी



## सावरकर वार्ड में बरसात के बाद से सड़कों पर भरा पानी

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले सावरकर वार्ड के वाशिंदे इस समय कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे है। पिछले दिनों हुई बरसात के बाद सावरकर वार्ड के अंतर्गत आने वाले कई क्षेत्रों की सड़क कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गई है। आलम यह है कि लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो रहा है। यह चित्र सावरकर वार्ड के आधारकाप क्षेत्र का है, जहां सड़क का तो पता नहीं है, लेकिन कीचड़ से सनी सड़क की वजह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड के लोगों ने पार्षद पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है।

### पार्षद की निष्क्रियता का खामियाजा भुगत रहे नागरिक, लोगों ने कहा : चुनाव जीतने के बाद से नहीं आए

यश भारत — समस्या

क्षेत्र के लोगों ने खुलकर आरोप लगाया कि वार्ड के पार्षद चुनाव जीतने के बाद से एक बार भी यहां नहीं आए। नगर निगम प्रशासन द्वारा अन्य वार्डों में सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। महापौर द्वारा कई वार्डों में सड़क निर्माण को लेकर भूमिपूजन किए जा रहे हैं लेकिन सावरकर वार्ड के पार्षद द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वार्ड में पिछले एक साल में विकास के एक भी काम नहीं हुए। जिसका खामियाजा इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों का उठाना पड़ रहा है। गौरतलब है कि 2021 से लेकर 2022 तक प्रशासक कार्यकाल रहा। इसके बाद पिछले साल नगर निगम महापौर एवं पार्षदों के चुनाव कराए गए। सावरकर वार्ड के लोगों ने राजेश भास्कर को अपना मत देकर पार्षद बनाया लेकिन पार्षद उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। लोगों ने बताया कि चुनाव जीतने के बाद वार्ड के विकास की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। यही कारण है कि शहर से लगे होने और नगर निगम सीमा में आने के बाद भी आधारकाप के अंदरूनी इलाकों में न तो सड़क का निर्माण हुआ है और न ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था हुई है। रात के अंधेरे में कीचड़ से सनी सड़कों से निलकने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने महापौर प्रीति सूरी का ध्यान इस ओर दिलाते हुए सड़क निर्माण की मांग की है।

## युवक कांग्रेस ने पौधारोपण कर मनाया स्थापना दिवस

**कटनी, यशभारत।** जिले में इस समय पौधारोपण अभियान संचालित हो रहा है। ग्राम पंचायत तिलगवां में पौधरोपण कर युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस युवा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मनाया। स्थापना दिवस के अवसर पर युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। झंडा वंदन कर देश की अखण्डता एवं एकता के लिए तथा अपने कर्तव्यों के प्रति सत्य एव निष्ठा के लिए शपथ दिलाई गई साथ ही युवा कांग्रेस के इतिहास के बारे में बताया। इसके पश्चात आदिवासी समुदाय के लोगो के साथ विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान सुदीप तिवारी, नीरज पांडे, विपिन तिवारी, सेवाराम यादव, राजू शर्मा, संतु आदिवासी, उदयभान सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्य डाकघर में राष्ट्रभक्ति के नाम पर अभिकर्ताओं का शोषण

### अभिकर्ताओं पर तिरंगा झंडा खरीदने के लिए बनाया जा रहा दबाव



**कटनी, यशभारत।** राज्य सरकार के निर्देश पर जिले में भी आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान भी शुरू किया गया है लेकिन जिले के मुख्य डाकघर में आजादी के अमृत महोत्सव के नाम पर अभिकर्ताओं के आर्थिक शोषण का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मुख्य डाक घर को तिरंगा झंडा बिक्री के लिए दिया गया है। जिसकी कीमत प्रति झंडे 25 रुपए निर्धारित की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य डाकघर में अल्प बचत अभिकर्ताओं के ऊपर अनावश्यक दबाव बनाया जाकर 50-50 झंडे खरीदने के लिए कहा जा रहा है। मुख्य डाकघर में अल्प बचत अभिकर्ता के रूप में कई महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास बहुत ही कम संख्या में खातेदार है। इन खातों से मिलने वाले कमीशन से महंगाई के इस दौर में अल्प बचत महिला अभिकर्ता किसी तरह अपना घर चला रही हैं। ऐसी स्थिति में तिरंगा झंडा खरीदने के लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा है। शिकायतों में यह भी बताया गया है कि तिरंगा झंडा नहीं खरीदने पर व्यवसाय में परेशान करने की बात कही जा रही है। अगर प्रति अभिकर्ता 50 झंडे खरीदता है तो 1250 रूपए देने होंगे। अभिकर्ताओं का कहना है कि यह उचित नहीं है और अभिकर्ताओं का शोषण करने जैसी बात है। कुछ अभिकर्ताओं ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि जब-जब डाकघरों को किसी भी प्रकार की योजना या अन्य प्रकार के लक्ष्य दिए जाते है, तब उन्हें अभिकर्ताओं की याद आती है, परंतु बात जब अभिकर्ताओं के हित की आती हैं, तो डाकघर अपने नियम कायदे कानून सामने रखकर बैठ जाता है। अभिकर्ताओं ने जिम्मेदार अधिकारियों से उचित कार्यवाही का निवेदन किया है।

# अतिथि विद्वानों के मानदेय में भेदभाव न किया जाए

### गर्ल्स कॉलेज के अतिथि विद्वानों ने उच्च शिक्षा विभाग मंत्री को ज्ञापन सौंपकर की मांग

**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के अतिथि विद्वानों ने उच्च शिक्षा विभाग मंत्री डॉ मोहन यादव को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। ज्ञापन में कहा गया है कि महाविद्यालय में संचालित रोजगारोन्मुखी, स्ववित्तीय पाठ्यक्रम में अधिकांश छात्राएं प्रवेश लेकर अध्ययन कर रही हैं। इन विषयों के साथ परम्परागत पाठ्यक्रमों में अध्यापन कार्य करने वाले जनभागीदारी मद से नियुक्त स्ववित्तीय अतिथि विद्वान के अंतर्गत महाविद्यालय में नियुक्ति की गई है।

अतिथि विद्वानों की नियुक्ति उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तय मापदण्डों के अनुसार है, परन्तु वेतनमान एवं कार्यकाल रिक्त पदों पर कार्यरत अतिथि विद्वानों से अलग हैं। विभाग के आदेशानुसार अतिथि विद्वानों की नियुक्ति संविदा नियुक्ति हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार



संविदा नियुक्ति का लाभ दिए जाने एवं सुविधाएं प्रदान किए जाने की मांग की गई है। साथ ही अन्य मांगों में अतिथि विद्वानों का कार्यकाल पूरे वर्ष भर करने का आदेश जारी किया जाये। अतिथि विद्वानों का मानदेय रिक्त पदों पर कार्यरत अतिथि विद्वानों के समान करने की व्यवस्था का आदेश जारी किया जाये। अतिथि विद्वानों की योग्यता विभाग के अनुसार हैं। मानदेय में भेदभाव न किया जाए। समस्याओं के समाधान के लिए शासनस्तर पर एक कमेटी गठित की जाए। अतिथि विद्वानों को कर्मचारी भविष्य निधि, चिकित्सा सुविधा व बीमा संबंधी सुविधाओं का लाभ दिया जाए। महाविद्यालय के शिक्षण कार्य के अतिरिक्त, परीक्षा संबंधी कार्य, कार्यालयीन संबंधी कार्य, शासन द्वारा छात्राओं के हित में संचालित कल्याणकारी विभिन्न योजनाओं का कार्य शासकीय कर्मचारियों के समान पूर्ण सहभागिता के साथ किया जाता हैं। जनभागीदारी स्ववित्तीय महिला अतिथि विद्वानों को 6 माह का सवैतनिक प्रसूति अवकाश प्रदान किया जावे।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)**

पत्र क्रमांक 1636 / खनिज / 2023 कटनी, दिनांक 21.07.2023

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्प्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

// प्रथम सूचना //

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स / श्री / मेसर्स सदभावना माईनिंग कंपनी पार्टनर तपन भारती पिता श्री रामसज्जन प्रसाद निवासी वार्ड नम्बर 11 बाबाताल सिहोरा तहसील सिहोरा जिला जबलपुर (म०प्र०) (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आवेदन पत्र दिनांक 01.07.2023 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे। **आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | ढीमरखेड़ा | मंगेली | 138 | 4.00 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 4.00 | | | |

(1.) उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। (2.) यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। (3.) यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। (4.) यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। (5.) निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा)
जिला कटनी

जीवन है अनमोल, तो क्यों करें यातायात निममों से खेल G18085/23



# बिजली और पानी की समस्या से जूझ रहा प्रदेश

### आम आदमी पार्टी ने मुड़वारा विधानसभा में निकाली बदलाव पद यात्रा

**कटनी, यशभारत।** आम आदमी पार्टी द्वारा गुरूवार को शहर में बदलाव पदयात्रा निकाली गई। सिविल लाइन, गणेश चौक, एमपीईबी ऑफिस के सामने से मेन रोड, स्टेशन चौराहे, आजाद चौक से मिशन चौक, पुरानी कचहरी होते हुए बदलाव पद यात्रा का समापन हुआ। बदलाव पद यात्रा में मुख्यातिथि के रूप में पंजाब के विधायक सरदार दिनेश चड्डा शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली और पंजाब की जनता ने आम आदमी पार्टी को चुना तो बिजली, शिक्षा, इलाज, पानी मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में सुनियोजित तरीके से स्कूल बंद किए जा रहे हैं। बिजली के बिल तो आ रहे हैं, पर बिजली नहीं मिल पा रही। चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि जो बेहतर स्कूल नहीं बना सकते, उनसे बड़े मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थानों की उम्मीद करना बेईमानी है। जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बदलाव पद यात्रा में सम्मिलित हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बदलाव यात्रा में जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, लोकसभा प्रभारी शिव प्रताप सिंह, प्रदेश सह सचिव अनिल सिंह सिंगर, विनोद शर्मा, शेखर खत्री, रंजीत मोर, पिंटू, मोनू रजक, श्याम यादव, निर्मल गौतम, अंशु मिश्रा, विवेक पटेल, बालकिशन सोनी, उमाशंकर पटेल, मजीद खान, कुंवर सिंह रघुवंशी, विवेक सिंह बघेल, राम सिया गुप्ता, ऋषभ पटेल, गिरधारी लाल पटेल, जितेंद्र कुमार चौबे, नितिन पांडे, राजा सेन, साधु दहिया, राजकुमार काछी, पूरनलाल दुबे, करीम खान, रज्जू तिवारी, राघवेंद्र सिंह की उपस्थिति रही।

# धर्म का प्रकाश फैलाने साधु-संतों की जरूरत : समता सागर महाराज

### आचार्य ज्ञान सागर सभागार में धर्मसभा का आयोजन



**कटनी, यशभारत।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर जी महाराज ने आचार्य ज्ञान सागर सभागार में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुवर ने कहा है कि अगर आप अकेले हो तो अपने विचारों को नियंत्रण में रखिए। अगर आप सबके साथ हो, तो अपनी जुबान पर नियंत्रण रखिए। अकेले में विचार नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि वही हमको किसी भी दिशा में ले जा सकते हैं और अगर हम साथ में है, तो विचार तो हमारे सबके हिसाब से चलेंगे, लेकिन वहां पर जुबान पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है। बहुत बोलने वाला ही अच्छा माना जाता है, ऐसा नहीं है। कम और समय पर बोलने वाला भी अच्छा माना जाता है। महाराज जी ने कहा कि हमारी एकता हमारे संगठन को मजबूत रखती है। जिस तरह उजाले के लिए दीपक की जरूरत है तो उसी तरह धर्म के प्रकाश के लिए साधु-संतों की जरूरत है। अगर आपने संसार की उलझन को नहीं समझा तो सुलझने का रास्ता भी आपको जल्दी नहीं मिलेगा। उलझनें सुलझाने के लिए उलझे हुए लोगों को समझना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि शरीर दिखाई देता है लेकिन आत्मा दिखाई नहीं देती है और जो दिखाई देता है, वह हमें जल्दी पकड़ में आ जाता है, जबकि जो दिखाई नहीं देता है, वहां तक हमारी पहुंच नहीं है। जो देखा है, उस पर हम भरोसा भी जल्दी करने लगते हैं, जो दिखता नहीं है, उस पर भरोसा भी जल्दी नहीं हो पाता। दुनिया में ऐसे बहुत सारे लोग हैं, उनके अपने विचार है। वह शरीर के अलावा किसी दूसरी दुनिया को दुनिया मानते ही नहीं। इस अवसर पर जैन समाज के नागरिकों की उपस्थिति रही।

# देवरी मझगवां पंचायत में छात्रों ने लगाए 75 पौधे



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** ग्राम पंचायत देवरी मझगवां में प्रांगण में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में ग्रामीणों व स्कूल के छात्रों सहित कलश यात्रा सहित ग्राम में प्रभात फेरी निकालकर पंचायत भवन में सरपंच श्रीमति विमला गौतम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। माध्यमिक शाला प्रागण में उपस्थित जनप्रतिनिधि शिक्षकों एवं ग्रामीणों द्वारा 75 पौधे लगाकर वृक्षारोपण उपरात उनकी सुरक्षा हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपयंत्री आर बी सिंह, सचिव हरिशंकर अवस्थी, रोजगार सहायक राकेश दुबे, नेहा गर्ग, जमुना प्रसाद, शरद कुमार, वन्दना देवी, शांति चतुर्वेदी, रेखा बर्मन, सुमन पटेल, कंछेदी लाल, हजारी लाल गौतम, राम नाथ, जगन्नाथ सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

mgm NURSING

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग



SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी

जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांउसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांउसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी

फोन. 07622&405074 मो. 7771001902

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )

## स्वतंत्रता दिवस पर निकलेगी तिरंगा चुनरी यात्रा

**कटनी, यशभारत।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को तिरंगा चुनरी यात्रा के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। सेनानी शहीद स्मारक में सुबह 09.30 बजे ध्वजारोहण उपरांत सुबह 10 बजे 100 फुट लंबी तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के आखिरी चरण में दोपहर 12 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज



11 अगस्त से
रोजाना 2 शो
12.00 PM (AUDI-1-2D)
09.45 PM (AUDI-2D)

नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9.15 बजे से रहेगा (ऑडी-1 में)

ओएमजी-2


कलाकार- अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, अरूण गोविल आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज




11 अगस्त से
रोजाना 6 शो
12.30 PM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
03.45 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-1)
07.00 PM (AUDI-2)
10.15 PM (AUDI-2)

नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9 बजे से रहेगा (ऑडी-2 में)

गदर-2


कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**नीरज सिनेप्लेक्स में**

ऑल इंडिया रिलीज




11 अगस्त से
रोजाना 3 शो
11.45, 3 एवं सायं 6 बजे से

नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9 बजे से रहेगा

गदर-2

कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।

टिकट दर
बालकनी क्लास-100/-
बॉक्स -100/- अपर क्लास 80/-

## » न्यूज गैलरी

### नगरीय निकायों के 17 हजार पेंशनर्स की महँगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि - सिंगल लगाओ

इन्दौर/भोपाल (ईएमएस)। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्य सरकार के पेंशनर्स को महँगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा भी प्रदेश के नगरीय निकायों के सातवें वेतनमान अनुसार पेंशन प्राप्त कर रहे 17 हजार पेंशनर्स की महँगाई राहत में 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे पेंशनर्स को हर महीने न्यूनतम 400 से 4 हजार रूपये तक का फायदा होगा। महँगाई राहत में की गई वृद्धि का भुगतान पेंशनर्स को एक जुलाई 2023 से किया जायेगा एवं माह अगस्त में ही रक्षाबंधन के पूर्व ही पेंशनर्स को एक महीने की बढ़ी हुई महँगाई राहत राशि के एरियर्स का भुगतान भी किया जायेगा। नगरीय निकायों के पेंशनर्स को एक अक्टूबर 2022 से 33 प्रतिशत महँगाई राहत मिल रही थी, जिसमें 5 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के परिणामस्वरूप अब कुल महँगाई राहत 38 प्रतिशत हो गई है। इसी प्रकार नगरीय निकायों के जिन पेंशनरों को छठवें वेतनमान अनुसार पेंशन मिल रही थी, की महँगाई राहत में भी 11 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे उनकी महँगाई राहत राशि भी 201 प्रतिशत से बढ़कर 212 प्रतिशत हो गई है। महँगाई राहत में यह वृद्धि किये जाने के परिणामस्वरूप पेंशन निधि पर 1.25 करोड़ रूपये प्रतिमाह अतिरिक्त वित्तीय भार आयेगा।

### फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र लगाकर नियुक्ति पाने वाले 7 शिक्षक बर्खास्त

श्योपुर ईएमएस। फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र से श्योपुर जिले में नियुक्ति पाने वाले 7 शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है।जिनमें आरती बंसल पुत्री महेश बंसल निवासी सबलगढ़, सतीश रावत पुत्र रामदयाल रावत निवासी गोंद लिहार जवरोल सबलगढ़, बलिराम पुत्र श्री रामलाल शर्मा निवासी झुंडपुरा, श्रीराम प्रजापति पुत्र खचेरुलाल प्रजापति निवासी मांगरोल सबलगढ़, फ़रन सिंह पुत्र बदन सिंह निवासी तूड़ीला जिला मुरैना, अरविंद रावत पुत्र तुलसीराम रावत निवासी भरोठा देवेंद्र सिंह रावत पुत्र ऋषिकेश रावत निवासी भैंसाई विजयपुर शामिल है।

### गद्दारों को सबक सिखाएं जनता - शिव भाटिया

गुना (ईएमएस)। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश के सह प्रभारी शिव भाटिया ने जो स्थानीय जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन पत्रकार कॉलोनी गुना में कांग्रेस पार्टी का जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्य वक्ता शिव भाटिया ने बिकाऊ विधायकों और खरीदी हुई सरकार पर कटाक्ष करते हुए मां समान कांग्रेस पार्टी को छोड़कर चंद रुपयों में बिक गए विधायकों से बनी हुई शिवराज सरकार को उखाड़ फेंकने का सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने की और अपने वक्तव्य में बताया कि महंगाई और भ्रष्टाचार से जनता बहुत परेशान है और अब वक्त आ गया है कि सरकार को उखाड़ के फेंक दिया जाए और कांग्रेस की सरकार बनाई जाए जो जन हितेषी सरकार रहेगी और गरीबों और वंचितों को अधिकार दिलाएगी साथ ही कमलनाथ के पांच वचनों को भी दोहराया गया जो कांग्रेस सरकार बनने पर सर्वप्रथम पूरे किए जाएंगे जिनमें 500रु में गैस सिलेंडर, 1500रु नारी सम्मान योजना, पुरानी पेंशन बहाली, कृषकों का ऋृण माफ, और बिजली बिल 100रु में 100 यूनिट कांग्रेस सरकार बनने पर दिए जाएंगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि एवं जिला सह प्रभारी राघवेन्द्र शर्मा ने बताया की प्रियंका गांधी की रैली में लाखों पब्लिक क्षेत्र से निकली और ग्वालियर संभाग में तहलका मचाया अबकी बार इसी तरह सभी को संगठित होकर इस सरकार को बदलना है इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ प्रदेशमंत्री हरी विजयवर्गीय, सुमेर सिंह गडा राजेंद्र तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष मनीष रघुवंशी गोपाल शर्मा दीपेश पाटनी रजनीश शर्मा आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मृत पिता के नाम से भूखंड के बनवाए फर्जी दस्तावेज, डाक्टर से 50 लाख हड़पे

**भोपाल यशभारत। एक शातिर युवक ने मृत पिता के नाम से कोहेफिजा की पाश कालोनी में खाली पड़े भूखंड के फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिए। इसके बाद उस भूखंड को बेचने का झांसा देकर एक अस्पताल संचालक डाक ?टर से 50 लाख रुपये ठग लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। यह भी पता चला है कि आरोपित इसी भूखंड के नाम पर एक बिल्डर से एक करोड़ रुपये भी हड़प चुका है।**




हालांकि अभी वह शिकायत करने सामने नहीं आया है।

कोहेफिजा थाने के एएसआइ रामप्रकाश ने बताया कि डा. अल्ताफ मसूद का राजधानी के फतेहगढ़ क्षेत्र में बच्चों का अस्पताल है। वह कोहेफिजा क्षेत्र में एक अन्य अस्पताल खोलना चाहते थे। इसके लिए जमीन तलाश करने के दौरान फरवरी 2022 में उनका परिचय ओमप्रकाश पुत्र स्व. अरविंद प्रकाश नायक से हुआ। ओमप्रकाश ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी के एक भूखंड को अपना बताया। प्लाट पसंद आने पर सौदा 1.65 करोड़ रुपये में तय हुआ। फरवरी 2022 से लेकर 23 जून 2023 तक ओमप्रकाश ने डा. अल्ताफ से 20 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से एवं 30 लाख रुपये नकद ले लिए। रुपये देने के बाद डाक्टर को पता चला कि ओमप्रकाश इसके पहले भी कुछ लोगों से उसी भूखंड का सौदा कर रुपये हड़प चुका है। उन्होंने अपने स्तर पर जांच कराई तो पता चला कि ओमप्रकाश ने भूखंड के फर्जी दस्तावेज बनवा रखे हैं।

**नगर निगम में बड़े पद पर प्रतिनियुक्ति पर रह चुके थे पिता**

एएसआइ रामप्रकाश ने बताया कि ओमप्रकाश कोलार रोड के दानिश कुंज में रहता है। उसके पिता का 1983 में निधन हो चुका है। वह नगर निगम में बड़े पद पर प्रतिनियुक्ति में पदस्थ रहे थे। पिता की मृत्यु के बाद शातिर ओमप्रकाश ने अपने पिता के नाम पर कोहेफिजा की हाउसिंग बोर्ड कालोनी के एक भूखंड के फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिए थे। इसके बाद पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर उसने भूखंड के नामांतरण के लिए हाउसिंग बोर्ड में उन दस्तावेजों को जमा कराया था। उन्हीं कागजों को दिखाकर वह लोगों को भूखंड अपना होने का झांसा देता था, जबकि हाउसिंग बोर्ड कालोनी में अरविंद प्रकाश नाम के व्यक्ति के नाम पर कोई भी भूखंड नहीं है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।





# बांधवगढ टाइगर रिजर्व में फिर एक बाघिन की मौत

### मादा बाघिन का क्षत-विक्षत अवस्था में मिला

भोपाल यशभारत। प्रदेश के बांधवगढ टाइगर रिजर्व में फिर एक बाघिन की मौत हो गई है। बुधवार को मादा बाघिन का क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया । प्रथम दृष्टया बाघिन का शव तीन से चार दिन पुराना लग रहा है। घटना पार्क के पनपथा कोर परिक्षेत्र के पथरहठा बीट के जंगल की है। बताया जा रहा है कि बाघिन के शरीर में घाव के निशान हैं। सूचना के बाद पार्क प्रबंधन के अधिकारी, फोरेंसिक टीम और डाग स्क्वाड के साथ घटनास्थल पहुंचे। जांच के बाद मृत बाघिन का शव जला दिया गया है। बता दें एक माह के भीतर बांधवगढ में तीन बाघों की मौत हो चुकी है, जिसमे दो बाघिन और एक बाघ शामिल है। पिछले महीने बांधवगढ़ में दो बाघों की मौत हो गई थी। दोनों ही बाघ मानपुर रेंज के अंतर्गत देवरी बीट में मर गए थे। एक बाघ की मौत 16 जुलाई को मानपुर रेंज के देवरी बीट में हुई थी। ग्राम मढ़उ के पास घायल बाघिन मिली थी जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे भाघ की मौत 21 जुलाई को मानपुर रेंज के देवरी बीट आरएफ 363 में हो गई थी। यहां बाघ का एक सप्ताह पुराना शव पाया गया था। 4 फरवरी 2023 को घुनघुटी रेंज के बलवई बीट में मुड़ना नदी के किनारे बाघ का शव मिला। 2 मार्च 2023 को खितौली रेंज के डोभा बीट के कक्ष क्रमांक 374 में 18 महीने के मादा बाघ शावक का शव पाया गया। मौत का कारण आपसी संघर्ष बताया गया। 3 अप्रैल 2023 को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर के बिरुहली बीट के कक्ष क्रमांक 406 जुट्टा तालाब के पास बाघ के हमले में डेढ से तीन महीने के शावक की मौत हुई। 8 मई 2023 को पनपथा बफर के ग्राम करौंदिया में 10 वर्षीय बाघ का शव पाया गया।18 मई 2023 को बांधवगढ़ के झोरझोरा में मादा बाघ शावक का शव पाया गया।



# पेड़ से बांधकर युवक को लाठी डंडों से पीटा

श्योपुर ईएमएस। घर में घुसकर एक महिला के साथ दरिंदगी की घटना को अंजाम देने वाला एक आरोपी ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया, जिसे ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे पेड़ से बांधकर लाठी डंडों से बड़ी ही बेरहमी से पीटा गया, इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया, पेड़ से बांधकर पीटे जाने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मामला विजयपुर थाना इलाके के भैंसाई गांव का है। जहां मुरैना जिले की सबलगढ़ थाना इलाके के डिंगवार गांव निवासी आरोपी रंजीत रावत विजयपुर थाना इलाके के भैंसाई गांव में अपनी बुआ के यहां आया था, जिस पर एक परिवार के लोगों ने घर में घुसकर महिला के साथ दरिंदगी करने के आरोप लगाकर उसे रस्सी के सहारे पेड़ से बांध दिया और फिर लाठी-डंडों से उसे बड़ी ही बेरहमी से पीटा गया, इससे आरोपी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, इसके बाद महिला के परिजन और ग्रामीणों ने उसे विजयपुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया, पुलिस ने आरोपी पर महिला के साथ दुष्कर्म करने की शिकायत पर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बुधवार की देर शाम मारपीट का लाइव वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने महिला के परिजनों के खिलाफ भी मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बारे में विजयपुर थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक जय सिंह का कहना है कि, भैंसाई गांव के कुछ लोगों ने एक युवक को पेड़ से बांधकर पीटा गया है, उन्होंने आरोप लगाए हैं कि आरोपी ने उनकी महिला के साथ दरिंदगी की है आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



# अब आजीविका मिशन को मिलेगी गणवेश की राशि

**भोपाल यशभारत। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को दी जाने वाली गणवेश की राशि अब आजीविका मिशन के राज्य स्तरीय कार्यालय को मिलेगी। यह राशि अब सीधे महिला स्व-सहायता समूहों को नहीं दी जाएगी।**

राज्य इकाई 50 प्रतिशत राशि क्रियाशील समूहों को देगी और शेष राशि का भुगतान गणवेश की गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद किया जाएगा। आजीविका मिशन और स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त निगरानी और गुणवत्ता समिति गठित होगी। व्यवस्था में यह परिवर्तन गणवेश वितरण में स्व-सहायता समूहों के नाम पर होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए किया जा रहा है। विभागों के बीच सैद्धांतिक सहमति के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रस्ताव निर्णय के लिए कैबिनेट भेज दिया है। वित्तीय नियंत्रण न होने से उत्तरदायित्व के निर्धारण में परेशानी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने यह प्रस्तावित किया है कि गणेवश की राशि आजीविका मिशन की राज्य इकाई को दी जाए। इस व्यवस्था को लेकर अंतिम निर्णय अब कैबिनेट में होगा। प्रदेश में वर्ष 2018 से गणवेश प्रदाय करने का काम ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों को देने का निर्णय लिया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा में यह बात सामने आई है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सीधे स्व-सहायता समूहों के बैंक खातों में राशि जमा कराई जाती है और गणवेश निर्माण की प्रक्रिया में आजीविका मिशन के राज्य और जिला स्तरीय अमले की भूमिका मात्र निगरानी तक सीमित रहती है।50 प्रतिशत राशि समूहों को अग्रिम दी जाए और गणवेश की गुणवत्ता का परीक्षण होने के बाद शेष राशि दी जाए।

**सीधे स्व-सहायता समूहों को नहीं मिलेगी राशि**

# कमल नाथ के नाम पर ठगने वाले को बेंगलुरु ले गई पुलिस

### 20 से ज्यादा कांग्रेस नेताओं से रुपये मांगे थे ठगोरे ने

भोपाल यशभारत। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के नाम पर लोगों को ठगने वाले बदमाश ठगोरे तनिष्क छाजेड़ को बेंगलुरु पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। बताया जा रहा है कि कमलनाथ के नाम पर ठगोरे ने 20 से ज्यादा कांग्रेस नेताओं से रुपये मांगे थे। उस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या के नाम पर गुजरात में भाजपा नेता से पांच लाख रुपये लेने का भी आरोप है। उसने राजस्थान के गृहमंत्री, महाराष्ट्र मुख्यमंत्री बिहार मुख्यमंत्री और आप सांसद संजय सिंह के नाम पर भी फोन लगाकर



रुपये मांगे। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। भोपाल के कांग्रेस नेता गोविंद गोयल ने इस मामले में आरोपितों को बुलाकर गिरफ्तार करवाया था। उन्होंने पूछताछ में तनिष्क छाजेड़ का नाम लिया था, जो फरार चल रहा था। जिसे करीब तीन दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। उधर, बेंगलुरु पुलिस को भी इसी तरह के मामले में उसकी तलाश थी। बुधवार को राजधानी पहुंची पुलिस उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। वहां से कार्रवाई पूरी होने के बाद भोपाल पुलिस आरोपित को रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ करेगी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पिछले महीने आरोपित ने अपने साथियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ का मोबाइल नंबर इस्तेमाल कर कांग्रेस नेताओं से रुपये की वसूली की कोशिश की थी।

### हवाई के जंगलों में भड़की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 53

वाशिंगटन, एजेंसी। हवाई के माउई में स्थित लाहैना, पुलेहू और अपकंट्री में हाल ही में नई आग भड़क उठी है। लोग अपनी जान बचाने के लिए समुद्र में कूदने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं आग से से द्वीप के ऐतिहासिक कस्बों का बड़ा हिस्सा तबाह हो गया है। अमेरिका के हवाई में स्थित माउई के जंगलों में भीषण आग भड़क गई है। आग कितनी तेज है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोगों को निकाले जाने के दौरान लपटों में फंसकर अभी तक लाहैना कस्बे में कम से कम 53 लोगों की जान जा चुकी है। दमकलकर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है, हवाई के माउई में स्थित लाहैना, पुलेहू और अपकंट्री में हाल ही में नई आग भड़क उठी है।

# चर्च में हिन्दुओं के सामने फाड़ी हनुमान चालिसा

इंदौर, एजेंसी। इंदौर के हीरा नगर थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर ही दूसरा विवाद सामने आया है। धर्मांतरण द्धद्यठ्ठस्न्ञ ष्द्धद्दद्यद्ध्ह्लद्बड्डठ्ठ ष्श्ठ्ठ1द्ग्ह्ल्ह्यद्बश्ठ्ठ की शिकायत के बाद यहां पुलिस ने हिन्दुओं और ईसाइयों के बीच समझौता करवाया था जो शांति ज्यादा दिन नहीं चली। गुरुवार को हिन्दुओं ने आरोप लगाया कि उनके सामने ही चर्च में हनुमान चालिसा द्धड्डठ्ठह्वद्दड्डठ्ठ ष्द्धड्डद्यद्बह्यड्ड फाड़ दी गई और जब उन्होंने ऐसा करने से मना किया तो कहा गया कि हमारी बाईबिल सर्वश्रेष्ठ है तुम सब भी हमारे साथ ईसाई बन जाओ। विवाद के बाद गुरुवार देर शाम आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज किया गया है। इनमें से कुछ को हिरासत में भी ले लिया है। टीआई पीएल शर्मा ने बताया कि न्यू शारदा नगर में ईसाई और हिंदू समाज के लोग रहते हैं। गुरुवार को ईसाई समाज के लोगों ने प्रार्थना का प्रोग्राम रखा था जिस पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने आपत्ति ली। राजकुमार सेन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी माइकल मैथ्यू, जोमेन जोसफ,अभिषेक नेत्राम, रेखा, सेम जोसफ और बेजूबी के खिलाफ धार्मिक भावना आहत करने के मामले में केस दर्ज किया है। राजकुमार सेन ने अपनी शिकायत में बताया कि वह शारदा नगर में रहते हैं और ठेकेदारी का काम करते हैं। गुरुवार सुबह सात बजे के लगभग घर के बाहर टहल रहे थे, तभी तीन ऑटो रिक्शा में 10 से 12 लोग आए और पूछा कि चर्च कहां है। उन्होंने बताया कि वे गुजरात के दाहोद से आए हैं।

# आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया गया

गुना (ईएमएस)। विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में बमोरी विधानसभा के ग्राम महोदरा में आयोजित आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकासमंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया,विशिष्ट अतिथि के रूप में पशुपालन विभाग के मंत्री प्रेम सिंह पटेल वहीं अध्यक्ष के रूप में भाजपा के ज़िलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार उपस्थित हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत मंत्री श्री सिसोदिया ने कहा कि एक समय था जब बमौरी प्रदेश के अति पिछड़े क्षेत्र में शुमार होता था जहां निवास करने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएँ भी मिलती थी ।आज हर क्षेत्र में बमौरी विधानसभा में विकास की गंगा वह रही है जिसका एक श्रेय सिंधिया परिवार को जाता है जिसने सालों यहाँ के लोगों का जीवन स्तर सुधारने अपना खून पसीना बहाया है और यहाँ का विकास किया है और दूसरा श्रेय हमारे मुख्यमंत्री श्री शिवराज



सिंह चौहान को जाता है जिनके नेतृत्व में चल रही सरकार की जन लाभकारी योजनाओं का हर नागरिक को लाभ मिल रहा है।पशुपालन मंत्री श्री पटेल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तीन साल पहले में उपचुनाव में श्री सिसोदिया के पक्ष में चुनाव प्रचार करने आया था तब मैंने यहाँ जो भी वादे जनता की माँग पर किए थे वो सिसोदिया जी ने चुनाव जीतते ही वो सभी वादे पूरे किए।ऐसी जनप्रतिनिधि को आपको फिर से भारी मतों से विजय बनाना चाहिए।ज़िलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने भी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी की।कार्यक्रम में झबुआ और राजस्थान से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गये रंगारंग कार्यक्रमों ने भी खूब समा बांधा।इस दौरान जनजातीय समुदाय के संबंधित शासकीय कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को अपने कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न संस्थाओं एवं लाभार्थियों को हितलाभ वितरण किया गया।

**धोखाधड़ी** | विकलांग कोटे की दुकान दिलवाने के नाम पर तीन साल में पंद्रह लाख रुपए ठग

# खजराना गणेश मंदिर परिसर में दुकान दिलवाने के नाम पर विकलांग से ठगे 15 लाख रुपये

**इन्दौर यशभारत। पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह और अन्य अधिकारियों का करीबी बताकर आरोपितों ने एक विकलांग से खजराना गणेश मंदिर परिसर में विकलांग कोटे की दुकान दिलवाने के नाम पर तीन साल में पंद्रह लाख रुपए ठग लिए, ठगी के लिए आरोपियों ने विकलांग की एक महिला को निगमायुक्त बताते बात भी करवा दी झांसी में आकर विकलांग ने उन्हें ब्याज पर पैसे उधार लेकर दिए थे।**

मामला कल कलेक्टर जनसुनवाई में उस वक्त उजागर हुआ जब पीड़ित विकलांग शिकायत लेकर कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंचा, वहां उसका आवेदन लेकर नगर निगम भेज दिया गया, जिस पर निगमायुक्त ने जांच करवाकर पुलिस को एफआइआर दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है। मामले में खजराना गणेश मंदिर परिसर में विकलांग कोटे में दुकान दिलवाने के नाम पर दो आरोपितों ने दिव्यांग को ठग लिया। खुद को खाद्य अधिकारी बताते हुए उन्होंने उससे 15 लाख रुपये ले लिए। आरोपितों ने कहा था कि उनकी पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह और अन्य अधिकारियों से करीबी पहचान है। वे उसे खजराना मंदिर परिसर में विकलांग कोटे में दुकान दिलवा देंगे।

तीन साल चक्कर लगाने के बाद भी फरियादी को जब दुकान नहीं मिली तो वह कलेक्टर




कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचा। वहां से उसका आवेदन नगर निगम मुख्यालय पहुंचा। निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने बताया कि हमने मामले की जांच करने के बाद पुलिस अधिकारियों को एफआइआर दर्ज करने को लेकर पत्र भी लिखा है। यह बात भी सामने आई है कि दो में से एक आरोपी नगर निगम का पुराना कर्मचारी रहा है, जिसे हटा दिया गया था।

फरियादी जगजीवनराम नगर निवासी गणेश शर्मा है। उन्होंने निगमायुक्त कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी। यह बात भी सामने आई है कि पैसे लेने के लिए आरोपितों ने एक युवती को नकली निगमायुक्त बनाकर बात भी करवाई थी। फरियादी ने बताया कि उन्हें आरोपित सूरज भावसार और विशाल शर्मा मिले थे। दोनों ने कहा था कि वे 15 लाख रुपये में खजराना गणेश मंदिर परिसर में दुकान दिलवा देंगे।

शर्मा ने ब्याज पर पैसा उधार लेकर आरोपितों को दिए, लेकिन उन्हें दुकान नहीं मिली। आरोपित भावसार ने पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह से पार्टी में मिलवाने का झूठा वादा कर उन्हें विजय नगर क्षेत्र स्थित होटल में बुलवाया भी था, लेकिन बारिश का हवाला देकर खुद ही वहां नहीं आया। फरियादी शर्मा ने ठगों के साथ हुई बातचीत की रिकार्डिंग भी सौंपी है। शर्मा ने बताया कि पैसे लेने के बावजूद आरोपित कभी मीटिंग, तो कभी दौरे का हवाला देकर टाल देते थे। कभी अधिकारियों से नहीं मिलवाते थे।

> "कलेक्टर कार्यालय से शिकायत मिलने के बाद हमने मामले की जांच की। हमने पुलिस अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई के लिए पत्र भी लिखा है। संभवत-बुधवार को दोषियों के खिलाफ एफआइआर हो जाएगी।
> -हर्षिका सिंह, निगमायुक्त इंदौर

## » न्यूज गैलरी

### जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवी की प्रवेश परीक्षा की अंतिम तिथि अब 17 अगस्त

**कटनी,यशभारत।** जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा जिला कटनी में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 के लिए आवेदन पत्र केवल आनलाईन भरे जा सकते है। जिस हेतु अंतिम तिथि अब 10 अगस्त से बढाकर 17 अगस्त कर दी गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि जो छात्र-छात्रा सत्र 2023-24 में कटनी जिले में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत है एवं उनके माता- पिता जिला कटनी जले के ही मूल निवासी हो वे अपने गाँव के निकटतम कम्प्यूटर सेंटर जाकर निर्धारित प्रारूप में आनलाईन फार्म भर सकते है। आनलाइन फार्म भरने के लिए लिंक नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि अब 17 अगस्त 2023 कर दी गई है।

### 697.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज



**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 9 अगस्त की प्रातः तक की अवधि तक कुल 697.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 340.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 357.6 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू.अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 652.6 मिलीमीटर रीठी में 740.5 मिली मीटर बड़वारा में 659.0 मिलीमीटर बरही में 572.0 मिलीमीटर विजयराघवगढ़ में 517.5 मिलीमीटर बहोरीबंद में 591.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 916.1 मिलीमीटर एवं ढ़ीमरखेड़ा में 788.2 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

### जिला योजना समिति की बैठक 13 अगस्त को

**कटनी,यशभारत।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के वित्त, वाणिज्यक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में 13 अगस्त प्रातः 11.00 बजे से जिला योजना समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कटनी में आयोजित की गई है। आयोजित बैठक में पिछली बैठक दिनांक 16 जून 2021के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा सहित जिले में मूंग खरीदी कार्यो, मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की समीक्षा की जाएगी। बैठक के दौरा मेरी माटी मेरा देश अभियान अन्तर्गत कार्यो एवं तैयारियों की समीक्षा के साथ ही लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 50 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों, जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा सहित माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला योजना अधिकारी ने समिति के सदस्यों से आयोजित बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### विधानसभा निर्वाचन 2023 के सेक्टर एवं रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक भेजने एवं निर्वाचन पश्चात वाहनों को वापस लाने के लिए मतदान कार्यक्रम अनुसार सेक्टर एवं रूट चार्ट तैयार करने संबंधी आदेश जारी किये है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में अनुभाग कटनी, विययराघवगढ़, बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा तहसील कटनी, कटनी नगर, बरही, बड़वारा, रीठी, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, स्लीमनाबाद एवं ढीरखेडा के तहसीलदारों को विधानसभा वार सेक्टर एवं रूटचार्ट तीन प्रतियों में उपलब्ध करानें हेतु निर्देशित किया गया है।







# अमेहटा प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे सीईओ

## नवनिर्मित सीसीआर बिल्डिंग का फीता काटकर किया उद्घाटन

**कैमोर,यशभारत। कैमोर के समीप अमेहटा में अडानी एसीसी ग्रुप का नया सीमेंट प्लांट बनकर तैयार है। दो हजार करोड़ की लागत से बने इस प्लांट का जल्द ही उद्घाटन किया जाना है। उदघाटन से पहले अडानी सीमेंट सेक्टर के सीईओ अजय कपूर बीते 9 अगस्त बुधवार को सीमेंट प्लांट का निरीक्षण करने अमेहटा पहुंचे। इस अवसर पर समूह के एम डी और कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ थे। सीईओ अजय कपूर ने प्लांट परिसर में अत्याधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस नवनिर्मित सीसीआर बिल्डिंग का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही परिसर में कुछ पौधे भी रोपे। निरीक्षण के दौरान कैमोर और अमेहटा प्लांट के सीएमओ सेंट्रल जोन वैभव दीक्षित हेड एच आर क्लस्टर एच पी सिंह, अमेहटा प्लांट हेड अतुल दत्ता और प्रोजेक्ट हेड मनोज शर्मा भी उनके साथ थे।**

उल्लेखनीय है कि पिछले साल विश्व के दूसरे और एशिया के पहले नम्बर के अमीर उद्योगपति गौतम अडानी ने एसीसी और अम्बुजा सीमेंट की हिस्सेदारी होलसिम से खरीदकर अपने नाम कर ली थी हालांकि अडानी ग्रूप के स्वामित्व से पहले होलसिम के समय ही अमेहटा में एसीसी के नए प्लांट का निर्माण शुरू हो गया था। अमेहटा प्लांट 2022 तक बनकर तैयार हो जाना था पर कई कारणों से इसके निर्माण में एक साल से भी अधिक का विलंब हो गया। अब यह प्लांट बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका है। एसीसी पर अडानी समूह के स्वामित्व के बाद यह इस समूह का पहला नया प्लांट है। इसके तैयार हो जाने के बाद अब इसके लोकार्पण की तैयारी की जा रही। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लांट के लोकार्पण के अवसर पर किसी तरह के समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी हेड ऑफिस अहमदाबाद से ही ऑन लाइन प्लांट का उदघाटन करेंगे। हालांकि नये प्लांट के उदघाटन कार्यक्रम का स्वरूप क्या होगा इस बारे में एसीसी के स्थानीय अधिकारी भी आधिकारिक रूप से कुछ भी कह पाने में असमर्थता जाहिर कर रहे पर माना यही जा रहा कि प्लांट का उदघाटन ऑन लाइन ही होगा। उद्धाटन से पहले अडानी सीमेंट सेक्टर के सीईओ अजय कपूर नवनिर्मित प्लांट का निरीक्षण करने बीते 9 अगस्त को अमेहटा पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों की टीम के साथ प्लांट के हर विभाग का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने रॉ मिल भी देखी और किलन का भी जायजा लिया। प्रीहीटर भी देखा। सीईओ कपूर ने प्लांट परिसर में बने सीसीआर बिल्डिंग का फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। बताया गया कि इसी सीसीआर बिल्डिंग से प्लांट की हर गतिविधि पर नियंत्रण रखा जाएगा। अत्याधुनिक तकनीक से तैयार सीसीआर में सारी व्यवस्थाएं कम्प्यूटर से ऑपरेट होंगी। प्लांट के निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री कपूर ने सेंट्रल जोन के सीईओ वैभव दीक्षित सहित अमेहटा प्लांट हेड अतुल दत्ता और प्रोजेक्ट हेड मनोज शर्मा से प्लांट से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की। सूत्रों ने बताया कि सीईओ की ओर से प्लांट के उद्धाटन को ग्रीन सिग्नल दे दिया गया है। अब इसी माह के अंत तक या फिर अगले माह सितम्बर में अमेहटा प्लांट के उदघाटन की औपचारिकता पूरी कर यहां से क्लिंकर का उत्पादन प्रारम्भ कर दिया जायेगा। अमेहटा प्लांट के शुरू हो जाने से अमेहटा क्षेत्र का विकास होगा। लोगों को रोजगार के अवसर तो मिलेंगे ही व्यवसायिक गतिविधियों में भी इजाफा होगा। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा। सीएसआर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जन हितेषी कार्य किये जायेंगे। अमेहटा क्षेत्र के लोगों को भी प्लांट के उद्धाटन का बेसब्री से इंतजार है।



### पूरे विजयराघवगढ़ क्षेत्र में होगा अडानी समूह का राज

अडानी ग्रुप द्वारा अम्बुजा सीमेंट के साथ साथ एसीसी की हिस्सेदारी खरीद लिए जाने के बाद कैमोर में इस ग्रुप की एंट्री हो चुकी थी। अब इस ग्रुप का दूसरा नया प्लांट अमेहटा में बनकर तैयार है। इस प्लांट के साथ ही कैमोर से लेकर मेहगांव तक का क्षेत्र अडानी ग्रुप का होगा। खबर है कि अडानी ग्रुप द्वारा पिछले दिनों 5000 हजार करोड़ रुपये में सांघी सीमेंट की हिस्सेदारी भी खरीद ली है। विजयराघवगढ़ क्षेत्र के टीकर, परसवारा, कारीतलाई ग्राम के बीच सांघी सीमेंट का नया प्लांट प्रस्तावित है जिसके लिए सैकड़ों एकड़ भूमि का अधिग्रहण भी किया जा चुका है। सांघी सीमेंट पर अडानी समूह के स्वामित्व के बाद यह तय है कि कारीतलाई क्षेत्र में प्रस्तावित प्लांट शुरू हुआ तो वह भी अदानी ग्रुप का ही होगा। एक खबर यह भी है कि बरही के डोकरिया और बुजबुजा क्षेत्र में प्रस्तावित वेलस्पन के पावर प्लांट की जिम्मेदारी भी अडानी पावर ने ले ली थी। अगर यह खबर सच है और बरही क्षेत्र में अडानी का पावर प्लांट तैयार हुआ तो पूरे विजयराघवगढ़ क्षेत्र में अडानी का डंका बजेगा।

## सामाजिक समरसता के लिये प्रेरणादायक हैं संत शिरोमणि रविदास के संदेश

### जनसंवाद में दिखी आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता की लहर



**कटनी,यशभारत।** भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने कहा कि प्रदेश में संत शिरोमणि रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये समरसता यात्रा प्रारंभ की गई है। जिससे हमारे समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता का वातावरण बने। संत रविदास ने ईश्वर भक्ति के संदेशों को भी समाज में प्रसार करने का काम किया है। जिलाध्यक्ष श्री टंडन बुधवार को ग्राम पंचायत पानउमरिया विकासखंड ढीमरखेड़ा में संत शिरोमणि श्री रविदास जी के मंदिर निर्माण के लिये आयोजित समरसता यात्रा के जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, पूर्व विधायक मोती कश्यप, संतोष दुबे, पंकज राय, रवि खरे, रणवीर कर्ण, ललित जयसवाल सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित श्रद्धालुजन भारी संख्या में उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान चरण पादुका वंदन,समरसता ध्वज स्थापित कर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प माला अर्पित की गई। जन संवाद कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक नृत्य व लोक गीत, भजन प्रस्तुत किये। संत शिरोमणि श्री रविदास मंदिर निर्माण के लिये गांव-गांव से मिट्टी और जल का संग्रहण कर बड़तूमा सागर जिला भेजा जायेगा। जिससे मंदिर निर्माण में सभी गांव की सहभागिता रहे, इससे समाज में सामाजिक समरसता का वातावरण बनेगा। विदित हो कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ग्राम बड़तूमा जिला सागर में 100 करोड़ की लागत से बनने वाले संत शिरोमणि रविदास मंदिर निर्माण का शिलान्यास करेंगे। मंदिर निर्माण में संत रविदास जी के चरण चिन्ह, एक संग्रहालय, कला-विथिका, स्मृतियों का संग्रह किया जायेगा। 25 जुलाई से यह समरसता यात्रा 5 स्थानों से प्रारंभ की गई है। 12 अगस्त को सभी यात्राओं का समापन ग्राम बड़तूमा सागर में होगा।



## बदले गये 17 ट्रांसफार्मर

### ट्रांसफार्मर बदलने का सिलसिला अनवरत जारी

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी कटनी द्वारा माननीय उपभोक्ता एवं किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए एवं शासन की मन्शानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बंद एवं खराब ट्रांसफार्मरों को कलेक्टर अवि प्रसाद कटनी के निर्देशन में दिनांक बुधवार 09 अगस्त को कटनी ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न श्रेणियों के 17 ट्रांसफार्मर बदलने की कार्यवाही की गई। वर्तमान में कटनी जिले में विद्युत कम्पनी द्वारा किसानों को पर्याप्त एवं निर्बाध बिजली देने के पुख्ता इंतजाम किये गये। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता संचा-संघा वृत्त कटनी मोहम्मद अयूब खान द्वारा जानकारी दी कि पम्प उपभोक्ता जिनके ट्रांसफार्मर खराब है. उनके ट्रासफार्मर तीन दिवस के अंदर वरीयता क्रम में बदलने की कार्यवाही की जा रही है।

## कुपोषण के खिलाफ मुहिम में जिले को मिल रही सफलता

### किचन की अव्यवस्था देख नाराज हुए कलेक्टर

**कटनी,यशभारत।** कुपोषण के अभिशाप से बच्चों को मुक्त कराने कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा किए जा रहे अथक प्रयास लगातार रंग लाते नजर आ रहे हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन और सतत मॉनिटरिंग में पोषण पुनर्वास केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ये असर है कि गत 7 माह में यहां दाखिल कुपोषित और अति कुपोषित बच्चे कुपोषण के खिलाफ जंग जीतकर पूर्णतः स्वस्थ हो चुके हैं। जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने केंद्र में इलाजरत 10 कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी प्रगति की जानकारी ली। साथ ही जनवरी 2023 से लेकर जुलाई 2023 तक केंद्र में दाखिल हुए कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में आए सुधार की समीक्षा की। इस दौरान केंद्र प्रभारी कशिश बत्रा ने बताया की इस 7 माह की अवधि में यहां 29 कुपोषित बच्चे दाखिल हुए थे, जिन्हें पर्याप्त पोषण डाइट उपलब्ध कराकर और सघन निरीक्षण में उपचार किया गया। जो अब पर्याप्त रूप से वजन ग्रहण कर पोषित की श्रेणी में आ चुके हैं। जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने यहां इलाजरत दो जुड़वा बहनों किरण चौधरी और चांदनी चौधरी को गोद में लेकर उन्हें दुलार भी किया और उनकी मां संध्या चौधरी निवासी ग्राम खडोला से केंद्र की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी भी हासिल की। पोषण पुनर्वास केंद्र में दाखिल बच्चे की मां निधि काछी ने बताया कि उसे जुड़वा बच्चे हुए थे। जिन्हें दस्त लगने और वजन कम होने के कारण पोषण पुनर्वास केंद्र में भेजा गया था। जहां पर निधि को स्टाफद्वारा बच्चों की सही तरीके से देखरेख और फीडिंग के बारे में न सिर्फ जानकारी दी गई बल्कि उसको प्रोत्साहित भी किया गया। केंद्र में प्रशिक्षित स्टाफद्वारा बच्चों और मां की अच्छी तरह से देखभाल की जा रही है।

## बच्चे देश का भविष्य हैं–सीईओ

### बडवारा में आयोजित हुआ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

**कटनी,यशभारत।** बच्चे देश का भविष्य है, यही आगे चलकर प्रधानमंत्री जी के समेकित विकास के विजन 2047 को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उक्त विचार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने आज आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बडवारा जनपद पंचायत बडवारा में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, सीईओ जनपद पंचायत के के पाण्डेय, ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सुनैना बाई भी मौजूद रहे। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत रैली निकालकर की गई, जिसमें छात्र-छात्राएं एवं अन्य ग्रामीण भी शामिल रहे। श्री गेमावत ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं को पंच प्रण की शपथ दिलाते हुए शहीदों को याद किया एवं 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई। श्री गेमावत ने शालाओं के छात्र-छात्राओं के साथ वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत अमृत वाटिका में 75 पौधों का रोपण किया। पौधरोपण कर कलश में मिट्टी एकत्र की गई जिसे आने वाले समय में कर्तव्य पथ दिल्ली भेजा जावेगा। श्री गेमावत ने कार्यक्रम की अगली गतिविधि शिलाफ्लक का अनावरण किया, जिसमें कार्यक्रम स्थल का नाम, दिनांक, प्रधानमंत्री जी का संदेश एवं वीरों के नाम श्रृद्धांजलि संदेश को अंकित किया गया है। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के क्रियान्वयन हेतु शासन से जारी निर्देशों के अनुक्रम में कटनी जिले में दिनांक 09 अगस्त को समस्त 407 ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई हैं। इस कार्यक्रम अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में ''वसुधा वंदन'' अंतर्गत 75 पौधों का रोपण किया गया है, जिसे अमृत वाटिका का नाम दिया गया है। समस्त ग्राम पंचायतों में माननीय प्रधानमंत्री जी के संदेश को दर्शाते हुए तथा वीरों के प्रति सम्मान को दर्शाने शिलाफ्लक लगाये गये हैं। जिले की सभी पंचायतों में कर्तव्य पर रहते हुए अपने जीवन का बलिदान देने वाले स्थानीय वीरों एवं उनके परिवारों का स्मरण एवं सम्मान किया गया है। साथ ही ग्रामीणजनों को पंच प्रण प्रतिज्ञा भी दिलाई गई है। तदुपरान्त राष्ट्रीय ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का गायन भी कराया गया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी द्वारा अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की सराहना की।



## नवागत निगम आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

### हितग्राही मूलक एवं विकास योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिका निगम में नवनियुक्त निगमायुक्त विनोद शुक्ल द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं तैयारी को लेकर एक अति आवश्यक बैठक अधिकारियों की ली गई। जिसमें उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन तत्परतापूर्वक समयसीमा में किया जाय। ताकि हितग्राही मूलक योजनाओं से कोई पात्र हितग्राही वंचित न रहे। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण संबंधित एल.1 एवं एल.2 अधिकारी समयसीमा में कराये जाने एवं नगरीय सीमा क्षेत्र के वार्डो में विभिन्न योजनाओं के तहत कराये जा रहे विकास कार्य को भी समयसीमा में पूर्ण कराये जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संत रविदास जी की समरसता यात्रा एवं 10 अगस्त को लाड़ली लक्ष्मी बहन की तृतीय किस्त की राशि अंतरण के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। इसके अलावा उन्होंने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की कार्य योजना एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के आयोजन की भी समीक्षा की। उन्होंने 10 अगस्त को आयोजित होने वाली नगरीय प्रशासन विभाग की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की भी समीक्षा की निगमायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि शासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके द्वारा तय समय सीमा पर कार्य संपादित किया जाए।

## जिले में किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

**कटनी,यशभारत।** जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।वर्तमान में खरीफ फसल हेतु जिले में कृषि कार्य तेजी से चल रहा है। किसान भाई अपनी मांग के अनुरूप सहकारी समितियों एवं डबल लाक केंद्र कटनी एवं बहोरीबंद से अपनी आवश्यकतानुसार उर्वरक क्रय कर सकते हैं। जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि वर्तमान में मार्कफेड के डबल ब्लाक केंद्रों पर 1544.60 मेट्रिक टन एवं सहकारी समितियों में 1262 .59 मेट्रिक टन डीएपी उर्वरक उपलब्ध है। सहकारी क्षेत्र में बीते वर्ष जहां इस अवधि में 4319 . 250 मेट्रिक टन डीएपी खाद का विक्रय किया गया था। तो वहीं इस साल अब तक 5 160 .100 मेट्रिक टन डीएपी का विक्रय किया जा चुका है। जो पिछले साल के मुकाबले 840.85 मेट्रिक टन अधिक है। इसी प्रकार पिछले साल तक इस अवधि तक 6805.080 मेट्रिक टन यूरिया नीम का विक्रय किया गया था ।जबकि इस वर्ष अभी तक रिकॉर्ड 7453. 800 मेट्रिक टन यूरिया नीम का विक्रय किया जा चुका है। वर्तमान में मार्कफेड के डबल लाक केंद्रों पर 91.800 मेट्रिक टन एवं सहकारी समितियां में 334.10 मेट्रिक टन नीम यूरिया उर्वरक उपलब्ध है । विगत वर्ष की तुलना में इस अवधि तक 648.72 मेट्रिक टन नीम यूरिया का अधिक विक्रय किया जा चुका है। कलेक्टर द्वारा जिले के लिए यूरिया उर्वरक की माग से शासन को पहले ही अवगत करा दिया गया है। शासन स्तर से जल्दी ही आगामी तीन-चार दिनों में उर्वरक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है । जल्दी ही रैक लगने की संभावना है। जिले में पर्याप्त मात्रा में वर्तमान में नैनो यूरिया उर्वरक की उपलब्धता है। सहकारी समितियों में यूरिया खत्म होने की स्थिति में समितियों को यथासंभव शीघ्रता से डबल लाक केंद्रों से उर्वरक प्रदान किया जाता है, अथवा उर्वरक की रैक लगने पर सीधे रैक प्वाइंट से सहकारी समितियों को उर्वरक उपलब्ध कराई जाती है।



## कलेक्टर ने किया ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन शाखा के ई.व्ही एम स्ट्रांग रूम का मुआयना किया और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच हेतु नियंत्रण कक्ष पहुंचकर फुटेज का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने व्यवस्थाएं चाक-चौबंद और दुरूस्त रखनें के निर्देश निर्वाचन पर्यवेक्षक आर.के बड़गैया को दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर राकेश चौरसिया सहित निर्वाचन शाखा के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# थाल में सजाकर नहीं मिलता वर्ल्ड कप खिताब, भारत इसे जीतने के लिए बेताबः रोहित शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि भारत आगामी वनडे वर्ल्ड कप में आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करने के लिए 'बेताब' है और उसके पास खिताब जीतने के लिए 'आत्मविश्वास' है. भारत ने एक दशक से आईसीसी प्रतियोगिताओं में खिताब नहीं जीता है. टीम ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में चैंपियन्स ट्रॉफी के रूप में जीता था जबकि इससे दो साल पहले स्वदेश में वर्ल्ड कप जीता था. रोहित ने यहां एक कार्यक्रम के इतर मीडिया से कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी (50 ओवर का) विश्व कप नहीं जीता है. वर्ल्ड कप जीतना सपना है और यहां इसके लिए चुनौती पेश करने से खुशी की बात कुछ और नहीं हो सकती.' उन्होंने कहा, 'आपको विश्व कप थाल में सजाकर नहीं मिलता, आपको कड़ी मेहनत करनी होती है और 2011 से इतने वर्षों से हम यही कर रहे हैं. हम सभी इसके लिए लड़ रहे हैं.'



रोहित ने कहा, 'सभी मैदान पर उतरने और जीतने के लिए बेताब हैं क्योंकि हमें पता है कि हमारे पास अच्छी टीम है. हम सभी अच्छे खिलाड़ी हैं, हमारे पास आत्मविश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। ऐसा नहीं हुआ का मतलब नहीं कि हम इसे हल्के में लेंगे। जब हम 2022 विश्व कप में हारे तो मैंने कहा था कि हम अगले विश्व कप के लिए चुनौती पेश करेंगे।' उन्होंने कहा, 'विश्व टेस्ट चैंपियनशिप होने वाली थी और मैंने कहा कि हम इसके लिए लड़ाई जारी रखेंगे. कभी ना कभी तो मिलेगा.' रोहित ने कहा कि उन्हें टीम की अगुआई की जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन उनका मुख्य काम बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना है. उन्होंने कहा, 'मुझे सबसे पहले बल्लेबाज के रूप में अच्छा करना होगा। कप्तानी इसके बाद आती हैज्‍ टीम में मेरी भूमिका बल्लेबाज की अधिक है। सबसे पहले मुझे बड़ी पारियां खेलनी होंगी और टीम के लिए मैच जीतने होंगे.'

विश्व कप से पहले लोकेश राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी अनुपलब्ध हैं और रोहित ने कहा कि वह अब चोटों से डरते हैं. उन्होंने हालांकि खिलाड़ियों को आराम देने के महत्व पर जोर दिया.

उन्होंने कहा, 'पिछले साल भी हमने ऐसा ही किया था- टी20 वर्ल्ड कप होने वाला था इसलिए हमने एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला. अब भी हम ऐसा ही कर रहे हैं, एकदिवसीय वर्ल्ड कप होने वाला है तो हम टी20 मैच नहीं खेल रहे.'

कोहली के हाल में भारत की टी20 सीरीज में नहीं खेलने के बारे में पूछने पर रोहित ने कहा, 'यह वर्ल्ड कप वर्ष है, हम सभी को तरोताजा रखना चाहते हैं. पहले से ही हमारी टीम में इतनी चोटें हैं कि अब मुझे चोटों से डर लगता है.'

रोहित ने वनडे क्रिकेट में फॉर्म हासिल करने के लिए सूर्यकुमार यादव का समर्थन किया लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि भारत को यह देखना होगा कि वे दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज का समर्थन कब तक करते रहेंगे जो अब नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हैं.

रोहित ने कहा, 'वह वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है और वह कई ऐसे लोगों से बात कर रहा है, जिन्होंने बहुत अधिक वनडे क्रिकेट खेला है जिसके कि पता कर सके कि किस तरह के रवैये और मानसिकता की जरूरत होती है.'

भारतीय कप्तान ने कहा, 'उसके जैसे बल्लेबाज को अतिरिक्त मैच देना महत्वपूर्ण है ताकि वह लय और आत्मविश्वास हासिल कर सके। जिस तरह से उसने इस साल आईपीएल की शुरुआत की, पहले चार-पांच मैच में उसके नाम अधिक रन नहीं थे लेकिन देखो उसने उसके बाद क्या किया।

# क्रिकेट के महाकुंभ में सभी टीमों की ऐसी है तस्वीर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड कप 2023 में दुनिया की 10 टीमें हिस्सा लेंगी. इस बार इस टूर्नामेंट के लिए 8 टीमों ने पहले ही क्वॉलीफाई कर लिया था, जबकि बाकी की 2 टीमें श्रीलंका और नीदरलैंड्स की टीमें जिम्बाब्वे में आयोजित हुए वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर्स के फाइनल में पहुंचकर इस टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की. यह पहला वनडे वर्ल्ड कप है, जब दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज इसका हिस्सा नहीं होगी. इसके अलावा जिम्बाब्वे की टीम इस बार वर्ल्ड कप में आती दिख रही थी लेकिन उसे अंतिम लम्हो में नीदरलैंड्स ने उसे बाहर कर अपनी जगह बना ली.

बहरहाल मेजबान भारत के अलावा, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका पहले ही इस टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर चुकी थीं. 5 बार वर्ल्ड चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया इस वर्ल्ड कप के लिए भी तैयार दिख रही है और उसने सबसे पहले इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. हालांकि सभी टीमों को यहां 15 सदस्यीय टीम चुनकर भेजनी है और उसने फिलहाल 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की है. ऐसे में उसे वर्ल्ड कप टीम का अंतिम ऐलान करने से पहले इस सूची में 3 खिलाड़ियों को बाहर करना होगा. आईसीसी ने इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे सभी देशों अपनी टीम का अंतिम ऐलान करने के लिए 28 सितंबर की तारीख दी है. इससे पहले सभी टीमों को अपनी 15-15 सदस्यीय टीम की घोषणा करनी होगी. वर्ल्ड कप 2023 में कुल 45 लीग मैचों के बाद नॉकआउट स्टेज के तीन मैच खेले जाएंगे, जिनमें दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच होगा. 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में सभी टीमें राउंड रॉबिन के 9 मैच खेलेंगी, जिसके बाद प्वॉइंट्स टेबल की टॉप 4 टीमों को सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका मिलेगा और सेमीफाइनल की विजेता टीमें फाइनल में भिड़ेंगी.

## ये है ऑस्ट्रेलिया की टीम

### ऑस्ट्रेलियाई टीम

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरुन ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वॉर्नर, एडम जाम्पा.

### भारत- ऐलान बाकी

अफगानिस्तान- ऐलान बाकी
बांग्लादेश- ऐलान बाकी
इंग्लैंड- ऐलान बाकी
नीदरलैंड्स- ऐलान बाकी
न्यूजीलैंड- ऐलान बाकी
पाकिस्तान- ऐलान बाकी
साउथ अफ्रीका- ऐलान बाकी
श्रीलंका- ऐलान बाकी

# 25 अगस्त से खरीद सकेंगे विश्व कप मैचों के टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई के आगामी विश्व कप 2023 के नौ मैचों के शेड्यूल में बदलाव करने के साथ ही आईसीसी टूर्नामेंट के टिकटों को लेकर भी जानकारी साफ हो गई है. वनडे विश्व कप के मैचों की टिकट 25 अगस्त से ऑनलाइन उपलब्ध होंगी लेकिन फैंस टिकटें खरीदने के लिए 15 अगस्त से प्री-रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे.

जैसा कि हम पहले भी बता चुके हैं विश्व कप के दौरान फैंस को ई-टिकट सुविधा नहीं मिलेगी यानि कि प्रशंसकों को बॉक्स ऑफिस काउंटर से टिकट लेना होगा. आप चाहें तो कूरियर के जरिए टिकट घर मंगवा सकते हैं लेकिन उसके लिए अतिरिक्त भुगतान करना होगा.

वनडे विश्व कप 2023 के टिकटों की बुकिंग 25 अगस्त से शुरू होगी. टिकटों की बिक्री शुरू होने से पहले, प्रशंसकों को 15 अगस्त के माध्यम से प्री रजिस्ट्रेशन करना होगी और इसी क्रम में बुकिंग होगी.



### कितनी होगी विश्व कप मैचों की टिकट की कीमत

टिकटों की कीमत सीमा 500 रुपये से 10,000 रुपये प्रति टिकट के बीच होगी. कीमतें वेन्यू और मैच पर निर्भर करेंगी.

### कूरियर के जरिए घर बैठे कैसे खरीद सकते हैं विश्व कप मैचों की टिकट

टिकट बुक हो जाने के बाद फैंस को कूरियर या काउंटर से टिकट लेने का विकल्प दिया जाएगा. जो लोग कूरियर सुविधा के माध्यम से अपने टिकट हासिल करना चाहते हैं उन्हें 140 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना होगा, बता दें कि ये सुविधा केवल भारत में ही उपलब्ध है. कूरियर विकल्प केवल उन लोगों को मिलेगा जो निर्धारित मैच से 72 घंटे पहले टिकट खरीदते हैं. बीसीसीआई को हर मैच के लिए 300 निःशुल्क आतिथ्य टिकट मिलेंगे. इसके अलावा, स्टेट संघ को लीग खेलों के लिए 1295 टिकट जबकि भारत के मैचों और सेमीफाइनल के लिए कुल 1355 टिकट आईसीसी को उपलब्ध कराने होंगे. किन मैचों के शेड्यूल में हुआ है बदलाव।

भारत बनाम पाकिस्तान मैच के साथ, पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश, पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान, और भारत बनाम नीदरलैंड मैचों के शेड्यूल में बदलाव किया गया है।

# 2019 विश्व कप की गलती नहीं दोहराएगी बीसीसीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय गेंदबाज विजय शंकर रविवार को मैनचेस्टर में आईसीसी सीडब्ल्यूसी 2019 में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के दौरान पाकिस्तान के बल्लेबाज इमाम-उल-हक के विकेट का जश्न मनाते हुए साल 2019 के विश्व कप की गलतियों से सबक लेकर बीसीसीआई आगामी विश्व कप के लिए स्क्वाड का चयन करते समय स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों पर ध्यान देगी. सूत्रों के मुताबिक विश्व कप 2023 के लिए भारतीय टीम की चयन समिति के लिए सात स्पेशलिस्ट बल्लेबाजों, सात गेंदबाज और हार्दिक पांड्या को ऑलराउंडर के तौर पर चुनेगी. अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयनसमिति के सामने विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय स्क्वाड चुनते समय सर्वश्रेष्ठ टीम खिलाड़ियों को चुनने की चुनौती होगी. ऐसे में बीसीसीआई चयन समिति एक ऑलराउंडर के साथ 14 स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों को चुन सकती हैं. खबरों के मुताबिक पांड्या विश्व कप स्क्वाड के एकलौते ऑलराउंडर होंगे यानि कि शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ी विश्व कप टीम में जगह बनाने में असफल हो सकते हैं. शार्दुल ने हाल के खेलों में टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए काफी प्रदर्शन किया है. लेकिन विश्व कप स्क्वाड में केवल एक ही ऑलराउंडर की भूमिका है, जिसके लिए कोई भी पांड्या से आगे नहीं निकल पा रहा है।

## रंग संसार

# क्यों देखें अक्षय कुमार.. पकंज त्रिपाठी की फिल्म ओह माय गॉड ये हैं पांच वजह

**मुंबई, एजेंसी।** अक्षय कुमार, यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी स्टारर ओएमजी 2 शुक्रवार, 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. ये पूरी तरह से एंटरटेनर फिल्म है. कॉमेडी. ड्रामा से भरपूर ये फिल्म अपने फनी डायलॉग के साथ-साथ सोशल मैसेज भी देती है. फिल्म के ट्रेलर को पहले ही अच्छी प्रतिक्रिया मिल चुकी है. हालांकि फिल्म पर रिलीज से पहले ही विवाद हो चुका है. कहा जा रहा है कि ये हिंदू धर्म के लोगों की भावनाओं को आहत करती है. यही नहीं महाकाल मंदिर के पुजारियों ने फिल्म के मेकर्स और एक्टर अक्षय कुमार को लीगल नोटिस भी जारी किया जिसमें उन्होंने मंदिर में फिल्माए गए सीन को हटाने के लिए कहा है. खैर तमाम विवादों और आलोचनाओं के बीच ये फिल्म 11 अगस्त को रिलीज़ हो रही है. इसे देखने की ये पांच वजह हो सकती हैं.



### हिट फिल्म ओह माई गॉड का सीक्वल

यह फिल्म 2012 की सुपरहिट फिल्म ओह माय गॉड का सीक्वल है. फिल्म का पहला पार्ट नास्तिक परेश रावल के चरित्र के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसने भगवान पर मुकदमा दायर किया था जब भूकंप ने उसकी दुकान टूट जाती है. वहीं अक्षय कुमार ने इस फिल्म में भगवान कृष्ण की भूमिका निभाई, जिन्होंने उन्हें केस लड़ने और नकली पुजारियों को बेनकाब करने में मदद की और इस दौरान उनके मन में भगवान के लिए विश्वास भी पैदा किया. इस कॉमेडी ड्रामा की उस वक्त खूब आलोचना हुई थी. हालांकि बॉक्स ऑफिस पर इस मूवी ने जबरदस्त कमाई की थी. अब इसके दूसरे पार्ट ने फिर से वही जादू को दोबारा करने की कोशिश की है.

### अक्षय कुमार का पहले कभी नहीं देखा अवतार

फिल्म में अक्षय कुमार भगवान शिव का किरदार निभा रहे हैं. वह एक बहुत ही अलग अवतार में दिखाई देंगे क्योंकि वह रहस्यमय भगवान का अवतार हैं. उन्होंने कुछ सीन में विग पहनी है और जबरदस्त भगवान शिव का तांडव भी किया. फिल्म में उनकी भाषा शैली और एनर्जी देखने लायक है.

### पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम का आमना-सामना

फिल्म में पंकज त्रिपाठी नायक की भूमिका निभा रहे हैं, जिनका बेटा किसी दर्दनाक घटना से गुजरता है और फिर वह अपने फ्यूचर को सिक्योर करने के लिए कोर्ट में मुकदमा लड़ते हैं. यामी गौतम एक वकील के रूप में नजर आएंगी जो उनके खिलाफ केस लड़ती हैं. फिल्म के ट्रेलर में उनके दमदार अवतार देखने को मिलता है.

### लोगों को हंसाने वाले और मैसेज देने वाले डायलॉग

फिल्म का लेखन और निर्देशन अमित राय ने किया है. ट्रेलर में कुछ मजेदार किरदारों के दमदार डायलॉग और मोनोलॉग भी है. जो आपको एंटरटेन कर सकते हैं. फिल्म की कहानी भी संवेदनशील है क्योंकि यह स्कूलों में यौन शिक्षा जैसे विषय पर बात करती है. निर्माताओं को विश्वास है कि उनकी ये फिल्म लोगों का पूरा मनोरंजन करेगी.

### जबरदस्त गाने

फिल्म के आने से पहले एल्बम के दो भक्ति ट्रैक रिलीज हो चुके हैं. हर हर महादेव एक एनर्जी से भरपूर डांस नंबर है जिसे कई बैकग्राउंड डांसर्स के साथ भव्य तरीके से शूट किया गया है. वहीं, ऊंची ऊंची वादी एक इमोशनल धुन है जो आपके दिलों को छू जाएगी.

# एल्विश यादव कभी इस यूट्यूबर को करते थे डेट

**मुंबई, एजेंसी।** बिग बॉस ह्ज्ञ्ज्ञ इन दिनों अपने आखिरी पड़ाव पर है। घर के अंदर सब कुछ उथल-पुथल हो रहा है. इन दिनों घर में और घर के बाहर एल्विश यादव (श्वद्य1द्बह्यद्ध ङ्घड्डस्रड्ड1) नाम खूब गूंज रहा है. एल्विश यादव यूट्यूब के स्टार तो हैं ही अब वे बिग बॉस ओटीटी 2 में भी खूब नजर आ रहे हैं और दर्शकों का एंटरटेनमेंट कर रहे हैं. इस दौरान एल्विश संग कई को-कंटेस्टेंट्स फ्लर्ट करते दिखे, लेकिन एल्विश ने किसी पर भी अपना इंट्रस्ट नहीं दिखाया. ऐसे में माना जा रहा है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि एल्विश आज भी अपने प्यार को भूल नहीं पाए हैं. तो आइए जानते हैं कौन है उनका प्यार.

### कौन है एल्विश यादव की गर्लफ्रेंड?

एल्विश यादव की गर्लफ्रेंड का नाम कीर्ति मेहरा है, जो पेशे से एल्विश की तरह ही एक यूट्यूबर और इन्फ्लुंसर हैं. सोशल मीडिया पर कीर्ति की भी काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है. खबरों के मुताबिक, एल्विश और कीर्ति ने करीब 6-7 सालों तक एक-दूजे को डेट किया था. हालांकि, डेढ़ साल पहले दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए थे.



दरअसल एक बार जब मनीषा ने उनसे फ्लर्ट करने की कोशिश की थी, तब उन्होंने साफ तौर पर मनीषा से ऐसा करने के लिए मना कर दिया था और कहा था कि बीबी हाउस से बाहर उनकी एक गर्लफ्रेंड है. एल्विश और कृति यूट्यूब वीडियोज में साथ काम करते थे और मजेदार ह्यूमरस वीडियो से अपने फैंस को एंटरटेन करते थे पर फिर दोनों अलग हो गए. डेढ़ साल से दोनों की राहें अलग हो गई. कृति भी सोशल मीडिया पर एक इंफ्ल्युएंसर हैं. यूट्यूब पर उन्हें लाखों लोग फॉलो करते हैं. एल्विश ही वो शख्स रहे जिन्होंने कृति को वीडियो क्रिएटर्स की दुनिया में आने के लिए इंफ्ल्युएंस किया था. एल्विश यादव और कीर्ति की मुलाकात

हर कोई ये जानना चाहता है कि आखिर एल्विश और कीर्ति की मुलाकात कैसे हुई थी. अपने एक इंटरव्यू में कीर्ति मेहरा ने एल्विश यादव के साथ अपनी पहली मुलाकात के बारे में बात की थी, उन्होंने बताया था कि दोनों एक ही कॉलेज में पढ़ते थे. कृति ने बताया था कि एक बार जब वह डांस सोसाइटी के लिए प्रैक्टिस कर रही थीं, तब एल्विश ने उन्हें पहली बार देखा था और पहली नजर में ही उन पर अपना दिल हार बैठे थे. कीर्ति ने एक अन्य इंटरव्यू में बताया था उनकी लाइफ में एल्विश बहुत अहमियत रखते हैं.

### क्यों अलग हुआ कपल

एल्विश और कृति साथ में कंटेंट बनाते थे, लेकिन फिर क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए. अफवाह थी कि एल्विश ने कृति को धोखा दिया था. जबकि कृति ने खुद सामने आकर कहा था कि नहीं एल्विश ने ऐसा कुछ नहीं किया।

# सफाई कर्मचारी थे अन्ना के पिता, प्यार के लिए किया 9 साल इंतजार

**मुंबई, एजेंसी।** सुनील शेट्टी बॉलीवुड के उस अभिनेता का नाम है, जिन्हें देखने के लिए सिनेमाघरों में लंबी कतार लगाई जाती थी. सुनील शेट्टी अपने अभिनय, स्टाईल और डॉयलाग्स बोलने के खास अंदाज के लिए हमेशा पसंद किए गए. इन सबसे अलग एक चीज और है, जो सुनील शेट्टी को बाकी अभिनेताओं से अलग बनाती है. दमदार फिजीक, बेहतरीन एक्शन और जोरदार डायलॉग्स से सभी का दिल जीतने वाले अभिनेता सुनील शेट्टी 11 अगस्त को जन्मदिन मनाते हैं. आज सुनील शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री में एक बड़ा नाम बन चुके हैं, लेकिन, बचपन में वह एक्टर नहीं बल्की क्रिकेटर बनना चाहते थे. बता दें, सुनील सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री का ही नहीं बल्की होटल इंडस्ट्री का भी बड़ा नाम हैं. ऐसे में आज एक्टर के जन्मदिन पर आइए जानते हैं उनके बारे में कुछ खास बातें. 11 अगस्त 1961 को सुनील शेट्टी का जन्म मैंगलोर (अब कर्नाटक) के



मुल्की शहर में हुआ. मिडिल क्लास परिवार में जन्मे सुनील के पिता वीरप्पा शेट्टी के पास मैंगलोर में कोई काम नहीं था, तो वोकाम की तलाश में सीधे सपनों के शहर मुंबई आ पहुंचे. यहां कुछ काम समझ नहीं आया तो एक बिल्डिंग में सफाई कर्मचारी बन गए और जुहू इलाके में ठिकाना बना लिया. जुहू में जिस जगह सुनील शेट्टी रहते थे, वहां आस-पास फिल्मों की शूटिंग होती रहती थी. एक दिन अमिताभ बच्चन उस जगह जीनत अमान के साथ शूटिंग के लिए पहुंचे. जैसे ही अमिताभ को देखने के लिए सुनील ने अपने दोस्तों के साथ पास जाने की कोशिश की तो गार्ड ने उन्हें रोक दिया. ये सब अमिताभ ने देखा तो उन्होंने गार्ड से कहा कि बच्चों को मत रोको, आने दो.

### क्यों कभी अमिताभ को नहीं कॉल

मुलाकात के दौरान अमिताभ ने सुनील शेट्टी को अपना नंबर भी दिया था, लेकिन उन्होंने ये सोचकर कभी उस नंबर पर कॉल नहीं किया कि शायद वो नंबर किसी और का होगा. ये किस्सा खुद सुनील ने कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर सुनाया था, उन्होंने ये भी कहा कि अमिताभ बच्चन का ध्यान बच्चों से ज्यादा जीनत अमान पर था. ये सुनकर बिग बी भी हंस पड़े थे. सुनील शेट्टी ने 1992 फिल्म 'बलवान' से अपने करियर की शुरुआत की थी.लेकिन, 1994 में आई 'मोहरा' ने उन्हें खास पहचान दिलाई।






» न्यूज गैलरी



## निरीक्षक अरविंद जैन अनूपपुर के लिए भारमुक्त

### स्टाफ, नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने दी विदाई

**कटनी, यशभारत।** पुलिस मुख्यालय से तबादला सूची जारी होने के कई दिनों बाद जिले से स्थानांनतरित पुलिस अधिकारियों को भारमुक्त करने की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है तथा अधिकांश पुलिस अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय के ही आदेश पर नवीन पदस्थापना के लिए भारमुक्त किया जाने लगा है। इसके साथ ही नवीन पदस्थापना के लिए भारमुक्त होने वाले पुलिस अधिकारियों को विदाई देने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के आदेश पर नवीन पदस्थापना स्थल अनूपपुर के लिए भारमुक्त हुए कुठला थाना प्रभारी अरविंद कुमार जैन को गतदिवस कुठला थाना परिसर में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। विदाई समारोह में थाना स्टाफ सहित स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।



# बरही में ट्रक ने मचाया तांडव
# दुकान ढही, कार क्षतिग्रस्त

ब्रेकफेल हुआ तो पीछे लुढ़क कर फिर एक दुकान में घुसा

### सुबह का वक्त था, सड़क में सन्नाटा था वरना भयावह होता मंजर

**कटनी/बरही, यशभारत।** सुबह का वक्त था, सड़क में सन्नाटा पसरा था। अचानक बहके ट्रक ने कार को टक्कर मारी, फिर आगे बढ़ा और एक दुकान में घुस कर दुकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। बहके ट्रक का तांडव यहीं नहीं थमा था। इसके बाद पीछे बैक हुआ और 50 मीटर दूर जाकर फिर एक दुकान में पीछे से घुस गया। यह हादसा बरही के कटनी मार्ग में सरकारी हॉस्पिटल बरही के ठीक सामने आज शुक्रवार की सुबह सवा 7 बजे घटित हुआ। इस भयावह हादसे में सुबह का समय होने से किसी भी तरह की जनहानि तो नहीं हुई लेकिन यह घटना 8 बजे के बाद होती तो हादसे का मंजर भयावह होता।



### सरकारी हॉस्पिटल के सामने हुआ हादसा

बरही के सरकारी अस्पताल के सामने यह हादसा हुआ है। बताया गया है कटनी-मानपुर-ब्यौहारी माल भेजने वाले पटेल ट्रांसपोर्ट का ट्रक क्रमांक एम.पी.16एचओ-717 कटनी से रवाना होकर बरही पहुंचा ही था कि बरही नगर के कटनी मार्ग स्थित आर के मेडिकोज के ठीक सामने चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। सामने से आ रही कार को बचाने के चक्कर में बहका ट्रक सीधे मोबाइल दुकान में घुस गया। जिसके कारण दुकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक पीछे हुआ और करीब 50 मीटर पीछे जाकर राजीव भोजनालय के ठीक सामने एक दुकान में जाकर थम गया।



### कार में ठोकर मार दुकान में घुसा

इस संबंध में कुटेश्वर माइंस के कर्मचारी प्रत्यक्षदर्शी शंकर ने बताया कि वे अपनी कार से कटनी जा रहे थे, तभी अचानक ट्रक रांग साइट घुसने लगा। जिसके कारण उन्होंने कार खड़ी कर दी, तभी बहके ट्रक ने कार में ठोकर मारते हुए दुकान में घुस गया। हादसे वाले स्थान में सुबह 8 बजे के बाद ठेले में दुकानें संचालित रहती है। भीड़ वाला क्षेत्र है। सुबह सड़क सूनी थी, जिससे बहुत बड़ा हादसा टल गया।

### खतरे में यात्री प्रतीक्षालय और दुकानदार

जिस स्थान में यह हादसा हुआ उसके थोड़ा आगे नगर परिषद बरही का यात्री प्रतीक्षालय बना हुआ है। नए बस स्टैंड का संचालन होने से इस यात्री प्रतीक्षालय का कोई वजूद नहीं है। प्रतीक्षालय चारों तरफ से यह अतिक्रमण की चपेट में है। वाहनों का दबाब इस स्थल में अधिक रहता है। ठेला में फल, चाट, पान की दुकान संचालित करने वालों के ऊपर दिनभर खतरा मंडराता रहता है। वाबजूद इसके खतरे के साये में स्थित इस यात्री प्रतीक्षालय को जिम्मेदार नगर परिषद नहीं हटा रही है। किसी दिन इस स्थल में हादसे की संभावना बनी रहती है। जिम्मेदार हादसा होने के बाद शायद जागेंगे।



# मुंबई रूट की आधा दर्जन स्पेशल ट्रेनें रद्द

### दो ट्रेनों के मार्ग बदले, मनमाड में इंटरलाकिंग कार्य के चलते रेलवे का निर्णय

**कटनी, यशभारत।** मध्य रेल के मनमाड स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इस मार्ग पर चलने वाली आधा दर्जन ट्रेनों को निरस्त किया गया है जबकि दो ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय रेलवे के द्धारा लिया गया है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 02132 जबलपुर-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 13 अगस्त को तथा गाड़ी संख्या 02131 पुणे-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 14 अगस्त 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01751 रीवा-पनवेल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 14 अगस्त 2023 को तथा गाड़ी संख्या 01752 पनवेल-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 15 अगस्त को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 01025 दादर-बलिया स्पेशल ट्रेन 12 अगस्त को तथा गाड़ी संख्या 01026 बलिया-दादर स्पेशल ट्रेन 13 अगस्त एवं 16 अगस्त को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसके अलावा अपने प्रारंभिक स्टेशन से 13 अगस्त को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12627 बेंगलुरू-नई दिल्ली कर्नाटक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बल्लारशाह-नागपुर-इटारसी होकर तथा अपने प्रारंभिक स्टेशन से 13 अगस्त को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12628 नई दिल्ली-बेंगलुरू कर्नाटक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-नागपुर-बल्लारशाह होकर चलेगी।

# प्रधान आरक्षक ने खाया जहर!



आरआई व माइक-2 पर प्रताड़ना के लगाए आरोप

**कटनी, यशभारत।** पुलिस लाइन रक्षित केंद्र में पदस्थ प्रधान आरक्षक (ट्रेडमेन) ने बंगला ड्यूटी लगाए जाने से नाराज होकर आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। प्रधान आरक्षक अरविंद कुमार मरावी ने बताया कि वह पुलिस लाइन रक्षित केंद्र में पदस्थ था। अधिकारियों द्वारा मेरी ड्यूटी एडिशनल एसपी के बंगले में लगा दी गई है। मेरी ड्यूटी जबरदस्ती लाइन से बंगले में लगा दी है लेकिन मैं वहां ड्यूटी नहीं करना चाहता। प्रधान आरक्षक अरविंद मरावी ने आरोप लगाया है कि एएसपी मनोज केडिया व आरआइ द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसके चलते वह आत्महत्या करना चाहता है। इस मामले में एएसपी मनोज केडिया का कहना है कि करीब पांच दिन पूर्व ही प्रधान आरक्षक अरविंद मरावी मेरे बंगले पर ड्यूटी में आया था। गुरुवार शाम सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देखकर जानकारी लगी कि वह बंगला ड्यूटी लगने से परेशान है। उसने ड्यूटी न करने को लेकर मुझे कोई जानकारी नहीं दी और न ही बताया कि वह बंगले पर ड्यूटी नहीं करना चाहता। यह भी पता चला कि उसने आत्महत्या की चेतावनी बस नहीं दी थी बल्कि उसने जहर भी खा लिया था। जिसके बाद शाम को पुलिस ने उसे तलाश कर निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है।

नवागत थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर की अंकुश लगाने की मांग

## माधवनगर में बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस ने जताई चिंता

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत बढ़ते अपराधों और चोरी की घटनाओं को लेकर भय का माहौल व्याप्त है। इसी संदर्भ को लेकर आज नवागत माधवनगर थाना प्रभारी मनोज गुप्ता कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर जल्द से चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने की मांग की। कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि यदि पुलिस अपराधों और चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाते हुए पर्दाफाश नहीं करती तो वो माधवनगर बंद कर चकाजाम करने को बाध्य होंगे और इसकी संपूर्ण जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रियदर्शन दर्शन गौर, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, अजय जैसवानी, अमोद खम्परिया, पूर्व पार्षद संजय सिंह गोरा, देवीदीन गुप्ता, पार्षद ईश्वर बहरानी, अरुण जैसवानी, विक्की तिवारी, अमित जैसवानी, संजय जैसवानी, मनोहर कुकरेजा, श्याम पाहुजा, अशोक बहरानी, विजय चांदवानी, सुरेश लालवानी, चिराग जैसवानी, अभय पटेल, पंकज सेन, राजेश विश्वकर्मा, संत राम कोल सहित माधवनगर के नागरिक उपस्थित थे।

## फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र से नौकरी कर रहा था शिक्षक

### जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने नियुक्ति की निरस्त, शासकीय प्राथमिक शाला सलैया कोहारी में पदस्थ था मुरैना का युवक

**कटनी, यशभारत।** फर्जी दिव्यांग प्रमापपत्र लगाकर नौकरी कर रहे शिक्षक की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुरैना निवासी जितेन्द्र सिंह मीणा की नियुक्ति 30 मार्च को प्राथमिक शिक्षक के पद पर शासकीय प्राथमिक शाला सलैया कोहारी संकुल विजयराघवगढ़ में की गई थी। जितेन्द्र ने ग्वालियर जिले का दिव्यांगता प्रमापणत्र प्रस्तुत कर उसके आधार पर दिव्यांगता की श्रेणी में आरक्षण प्राप्त कर नियुक्ति प्राप्त की थी। संबंधित द्वारा प्रस्तुत दिव्यांगता प्रमाणपत्र की कलेक्टर मुरैना से जांच करवाई गई थी। ग्वालियर कलेक्टर द्वारा पत्र में जानकारी दी गई कि 66 दिव्यांगों के प्रमाणपत्र कार्यालय सिविल सर्जन ग्वालियर से जारी नहीं किए गए है। इन 66 में जितेन्द्र सिंह मीणा द्वारा प्रस्तुत प्रमाणपत्र भी शामिल है। इससे यह स्पष्ट हुआ कि जितेन्द्र ने कूटरचित दिव्यांगता प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी पाई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश में कहा है कि न्यायिक दृष्टांत के आधार पर कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत करने एवं शपथपत्र में गलत जानकारी देकर नियुक्ति प्राप्त करने के कारण संबंधित को पद पर बनाए रखना वैधानिक नहीं है। इस पर जितेन्द्र मीणा की प्राथमिक शिक्षक पद पर की गई नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाती है।

## मछली मार रहा युवक तालाब में डूबा

**कटनी, यशभारत।** एनकेजे थाना क्षेत्र के बजरंग कालोनी के समीप स्थित तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जीआरपी ने मर्ग कायम कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फारेस्टर वार्ड निवासी 45 वर्षीय अजय कोल बजरंग कालोनी के समीप स्थित तालाब में मछली मार रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने की वजह से वह पानी में गिर गया और डूबकर उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर एसडीइआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### न्यायालय तहसीलदार कटनी (नगर), जिला-कटनी

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0247/अ-6/2023-2024

**इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय दुबे पिता स्व. शंभू प्रसाद दुबे निवासी इंदिरा गांधी वार्ड कटनी के द्वारा ग्राम मुड़वारा पटवारी हल्का नंबर 42 स्थित भूमि खसरा नंबर 149/8 रकवा 0.009 हेक्टेयर भूमि का पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 01.12.2020 के आधार पर नामांतरण किये जाने बावत आवेदन पत्र दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी वारसानों/व्यक्ति/जनप्रतिनिधि या संस्था एवं बैंक आदि को आपत्ति हो तो स्वयं या अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति/आक्षेप पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

**आज दिनांक 09/08/2023 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।**

**सुनवाई का स्थान :- न्यायालय तहसीलदार कटनी (नगर)।**

**जारी दिनांक :- 09/08/2023, नियत दिनांक :-29/08/2023**

**तहसीलदार**
**कटनी (नगर) कटनी**

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

मुम्बई के गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष गुप्ता
(एम.सी.एच. यूरोलॉजी)
कटनी में परामर्श, उपचार एवं ऑपरेशन के लिए
दिनांक सुबह 12/08/2023 से 14/08/2023 तक उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. आशीष गुप्ता मो. 9833072976, डॉ. अक्षय गुप्ता मो. 9425152372, डॉ. वी.के. गुप्ता मो. 9425153721
पता- गुप्ता नर्सिंग होम एम.ई.एस. कालोनी माधवनगर कटनी (म.प्र.)

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

### सूचना

मैं सुनील कुमार वर्मा कोरी आयु लग. 35 साल आत्मज श्री रामशरण वर्मा निवासी मकान नं. 94 संजय नगर जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक 38 तहसील व जिला कटनी (म.प्र.) यह निम्नलिखित कथन करता हूँ कि कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड क्र. (2410 3176 6790) में पूर्व में नाम सुनील कुमार वर्मा दर्ज था तथा वर्तमान में आधार कार्ड में सुधार करवा के सुनील कुमार वर्मा कोरी दर्ज करा लिया गया है। मेरा ड्राइविंग लाईसेंस बना हुआ है जिसमें मेरा नाम सुनील कुमार वर्मा दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम सुनील कुमार वर्मा कोरी है। उक्त ड्राइविंग लाईसेंस में मेरा नाम सुनील कुमार वर्मा कोरी दर्ज किया जावे। जिस संबंध में यह सूचना प्रकाशित है।

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003, Email:-nisha.drent@gmail.com

शिकागो पब्लिक स्कूल
इंग्लिश मीडियम नर्सरी से बारहवीं तक सभी विषय आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस
आपके बच्चे एवं आपके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला
शाला के सफलतम 25 वर्ष
भूलना भूल जाओगे
मेमोरी साइंस इंडिया की मेमोरी क्लासेज शाला के बच्चों को निःशुल्क
प्रवेश प्रारंभ
स्कूल की पढ़ाई कैसी हो, एक शिक्षक से बेहतर कोई नही जानता
पता:- मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर कटनी मो. 9229119885

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886
Discount @40%
ICMT COMPUTER INSTITUTE
DCA | TALLY | COMPUTER HARDWARE COURSE | SPOKEN ENGLISH Competition Coaching
PGDCA | CPCT
रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना
डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316




अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल अध्ययन केन्द्र क्रं.570
मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम क्रं. 34 वर्ष 2011 के द्वारा स्थापित एवं संचालित राज्य विश्वविद्यालय
बुनियादी चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ
मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द
योग्यता / Eligibility — 12th पास/स्नातक/स्नातकोत्तर
समय अवधि / Duration — 1 Year
आयु / Age — बंधन नहीं
छात्र अध्ययन के दौरान चिकित्सालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।
आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण Diploma/ PG Diploma in Basic Health Care
प्राथमिक चिकित्सा उपचार Diploma in First Aid Treatment
हॉस्पिटल मैनेजमेंट Diploma in Hospital Management
प्राकृतिक फार्मा डिप्लोमा Diploma in Natural Pharma
योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा Diploma in Hospital Management
उत्तीर्ण अभ्यार्थी अपना स्वयं का प्राथमिक चिकित्सा उपचार केन्द्र खोल सकते हैं।
नोट :- 1. समस्त प्रक्रिया आवेदन, प्रवेश शुल्क आदि एमपी ऑनलाईन के माध्यम से होगी।
सिटी अपेक्स कम्प्यूटर राजीवगांधी वार्ड सत्यनारायण मंदिर के सामने, कटनी मो. योगेश पाण्डे 9424961722, कपिल द्विवेदी 9827076651

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)